उज्जैन
मंगलवार
21
अप्रैल, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-167
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



बॉडी शेमिंग के लिए पैपराजी पर भड़कीं एक्ट्रेस पत्रलेखा कहा- अभी बच्चो को जन्म दिया है, दयालु बनना सीखें वजन बढ़ने को लेकर दिया जवाब

पेज- 8

## दिल्ली हाईकोर्ट ने केजरीवाल की याचिका खारिज की

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट में एक अहम घटनाक्रम सामने आया, जब जस्टिस स्वर्णा कांता शर्मा ने आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने जज से खुद को मामले की सुनवाई से अलग करने यानी रीक्यूजल की मांग की थी। यह मामला कथित दिल्ली आबकारी नीति से जुड़ा है, जिसमें सीबीआई ने केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और अन्य के खिलाफ कार्रवाई की थी। अदालत के इस फैसले को न्यायिक प्रक्रिया और संस्थागत अखंडता के लिहाज से एक महत्वपूर्ण मोड़ माना जा रहा है। अदालत ने स्पष्ट किया कि न्यायिक प्रक्रिया किसी वादी के मनगढ़ंत आरोपों या धारणाओं के आधार पर संचालित नहीं हो सकती।



## जेईई मेन सेशन 2 रिजल्ट घोषित, 26 कैंडिडेट्स को 100 पर्सेंटाइल

**नई दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने सोमवार को जेईई मेन्स 2026 के दूसरे सेशन के नतीजे घोषित कर दिए। इस बार 14 स्टूडेंट्स ने 100 पर्सेंटाइल स्कोर हासिल किया है। पहले सेशन में 12 स्टूडेंट्स ने 100 पर्सेंटाइल स्कोर किया था। दोनों सेशंस में मिलाकर कुल 26 स्टूडेंट्स ने 100 पर्सेंटाइल स्कोर किया है। 100 पर्सेंटाइल स्कोर पाने वालों में सबसे ज्यादा 5-5 स्टूडेंट्स आंध्र प्रदेश और तेलंगाना से हैं। इसके बाद राजस्थान से 4, दिल्ली से 3 और महाराष्ट्र व हरियाणा से 2-2 स्टूडेंट्स शामिल हैं। वहीं चंडीगढ़, बिहार, तमिलनाडु, ओडिशा और गुजरात से एक-एक छात्र ने यह उपलब्धि हासिल की है। कुल 26 कैंडिडेट्स ने 100 परसेंटाइल हासिल किया है लेकिन इसमें एक भी महिला कैंडिडेट शामिल नहीं हैं।

## टिम कुक के बाद जॉन टर्नस संभालेंगे एपल की कमान

**कैलिफोर्निया।** टिम कुक की जगह अब जॉन टर्नस एपल के नए सीईओ होंगे। वे 1 सितंबर 2026 से कंपनी की कमान संभालेंगे। कुक अब कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन की भूमिका निभाएंगे। बोर्ड ने सर्वसम्मति से इस योजना को मंजूरी दे दी है। टिम कुक 1998 में एपल से जुड़े थे और 2011 में सीईओ बने थे। उनके नेतृत्व में एपल की मार्केट वैल्यू 350 बिलियन डॉलर (करीब 32 लाख करोड़) से बढ़कर 4 ट्रिलियन डॉलर (लगभग 350 लाख करोड़) हो गई है। कंपनी का सालाना रेवेन्यू भी 108 बिलियन डॉलर (करीब 10 लाख करोड़) से बढ़कर 2025 में 416 बिलियन डॉलर (39 लाख करोड़) के पार पहुंच गया है।



## अपर्णा यादव ने जलाया सपा का झंडा, समाजवादियों ने किया पुलिस केस

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के सामने समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस के झंडे जलाने वाली घटना ने मुलायम सिंह यादव के परिवार में छिपी रस्साकशी को एक बार फिर सतह पर ला दिया है। राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष और मुलायम के छोटे बेटे प्रतीक यादव की पत्नी अपर्णा यादव ने महिला आरक्षण बिल के संसद में पारित न होने पर यह कड़ा कदम उठाया। इस कृत्य से सपा के नेता भड़क उठे हैं और हजरतगंज कोतवाली में अपर्णा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की तहरीर दे दी गई है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने इसे इमोशन हर्ट करने वाला बताते हुए नरमी बरती, लेकिन परिवार के इस खुल्लमखुल्ला टकराव ने मुलायम खानदान की राजनीतिक एकजुटता पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# उज्जैन में भी मरम्मत के लिए पुल चिह्नित

## जर्जर पुलों पर हो रहा है परिवहन, क्षतिग्रस्त होने के मामले सामने आ रहे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

जिले के साथ ही पूरे प्रदेश में एक तरफ सड़क, पुल-पुलियों का तेजी से निर्माण हो रहा है, वहीं दूसरी तरफ प्रदेश में जर्जर पुलों पर परिवहन हो रहा है। आए दिन किसी न किसी पुल के क्षतिग्रस्त होने के मामले सामने आ रहे हैं। इसको लेकर लोक निर्माण विभाग ने प्रदेशभर में सर्वे कराया है, जिसमें 45 ऐसे पुल चिन्हित हुए हैं जो जर्जर अवस्था में है। इनके लिए टेंडर भी जारी कर दिए गए लेकिन पुलों के क्षतिग्रस्त होने की घटना लगातार सामने आ रही हैं। दरअसल, प्रदेश में एक के बाद एक पुलों के क्षतिग्रस्त होने के मामले सामने आने पर लोक निर्माण विभाग ने पूरे प्रदेश में सर्वे कराया और उन पुलों को चिह्नित कराया, जहां काम कराना अनिवार्य है।



गौरतलब है कि प्रदेश में अधोसंरचना विकास के काम तेजी के साथ चल रहे हैं। सरकार पूंजीगत निवेश लगातार बढ़ा रही है, जिसकी सराहना भारत सरकार ने भी की है लेकिन गुणवत्ता को लेकर सवाल भी उठ रहे हैं। कम से कम पुलों के मामले में तो स्थिति ऐसी ही नजर आती है। ग्वालियर में निमार्णाधीन एलिवेडेट कॉरिडोर में गर्डर गिर गया तो जबलपुर में दूसरी बार के रेलवे ओवर ब्रिज क्षतिग्रस्त हुआ।

### मरम्मत के लिए टेंडर भी जारी

शिवपुरी के पोहरी में फ्लाईओवर का स्लैब गिरने की घटना पहले सामने आ चुकी है, जिसमें मजदूर घायल हो गए थे लेकिन इंजीनियरों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। विभागीय अधिकारियों ने कहना है कि सड़क विकास प्राधिकरण ने प्रदेश के सभी पुलों का सर्वे कराया था। इसमें भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, घार, खंडवा, बुरहानपुर, छिंदवाड़ा, नर्मदापुरम, उज्जैन और रीवा में मरम्मत के लिए पुल चिन्हित किए गए। 19 करोड़ रुपये से अधिक की राशि भी मरम्मत के लिए मंजूर कर दी गई लेकिन अभी टेंडर की प्रक्रिया ही पूरी नहीं हुई है। जबकि, मानसून के आने में तीन माह रह गए हैं। विभाग के प्रमुख अभियंता केपीएस राणा का कहना है कि पुलों का निर्माण अलग-अलग एजेंसियां करती हैं। प्रदेश में जर्जर पुल चिन्हित किए जा चुके हैं। मरम्मत के लिए टेंडर भी जारी कर दिए हैं।

# 1,200 करोड़ से ज्यादा के कैश-गोल्ड और फ्रीबीज जब्त

ब्रह्मास्त्र ▸▸ चेन्नई

तमिलनाडु विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए राज्यभर में 1,200 करोड़ रुपए से ज्यादा की नकदी, सोना-चांदी, फ्रीबीज, शराब और ड्रग्स जब्त किए हैं। इसमें 169.85 करोड़ कैश, 650.87 करोड़ के सोना-चांदी शामिल हैं।

वहीं महिला आरक्षण बिल को लेकर 18 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देश को संबोधन को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। 700 से अधिक नागरिकों ने चुनाव आयोग को लेटर लिखकर इसे आचार संहिता का उल्लंघन बताया है। लेटर लिखने वालों में पूर्व ब्यूरोक्रेट्स, एक्टिविस्ट और पत्रकार शामिल हैं।

शिकायत में कहा गया है कि यह संबोधन दूरदर्शन, संसद टीवी और ऑल इंडिया रेडियो जैसे सरकारी प्लेटफॉर्म पर प्रसारित हुआ, जो चुनाव के दौरान पक्षपातपूर्ण प्रचार के समान है। साथ ही यह भी कहा गया है कि अगर इस प्रसारण को अनुमति दी गई थी, तो अन्य राजनीतिक दलों को भी समान समय दिया जाना चाहिए।

# टीकमगढ़ में बस पलटी, 11 यात्री घायल

## सभी जिला अस्पताल में भर्ती, बस इंदौर से आ रही थी, एसडीओ बोले-हादसा का पता लगा रहे





ब्रह्मास्त्र ▸▸ टीकमगढ़

टीकमगढ़ में मंगलवार सुबह बड़ागांव रोड पर एक यात्री बस पलट गई, जिसमें 11 लोग घायल हो गए। हादसा जिला मुख्यालय से लगभग 5 किलोमीटर दूर हनुमान मंदिर के पास क्रॉसिंग के दौरान हुआ। बस सर्विस कंपनी की थी और इंदौर से टीकमगढ़ आ रही थी। घटना कोतवाली थाना क्षेत्र में हुई।

कोतवाली थाना प्रभारी रवि भूषण पाठक ने मौके पर पहुंचकर बताया कि सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया है। कुछ यात्रियों को सिर में गंभीर चोटें आई हैं, जबकि अधिकांश को मामूली चोटें लगी हैं।

### घायलों से पूछताछ के लिए अस्पताल पहुंचे कलेक्टर

पुलिस फिलहाल घटना के कारणों की जांच कर रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि उनकी पहली प्राथमिकता घायलों को उचित इलाज कराना है। घटना की जानकारी लगते ही टीकमगढ़ कलेक्टर विवेक श्रोतिय घायलों से पूछताछ के लिए अस्पताल पहुंचे।
मामले में टीकमगढ़ तहसीलदार सत्येंद्र सिंह गुर्जर का कहना है कि आज सुबह महाकाल कंपनी की यात्री बस अनियंत्रित होकर गौगाबेर हनुमान मंदिर के पास पलट गई। घटना में 11 लोग घायल हुए हैं। सभी को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कर दिया गया है। शेष सभी सुरक्षित हैं। घटना के बारे में पूछताछ जारी है। बस इंदौर से टीकमगढ़ आ रही थी।

### एसडीओ बोले-हादसा का पता लगा रहे हैं

टीकमगढ़ एसडीओ की राहुल कटरे का कहना है कि सुबह करीब 8 बजे एक्सीडेंट के बारे में जानकारी लगी। तत्काल मौके पर कोतवाली थाना पुलिस के साथ एंबुलेंस को रवाना किया गया। हादसे में 11 लोगों को चोटें आई है। सभी को अस्पताल में भर्ती कर दिया गया है। हादसा किस वजह से हुआ, इसका पता ड्राइवर से पूछताछ के बाद ही चल सकेगा।

### एमपी में फिजूलखर्ची रोकने की पहल

# अब नहीं बनेंगे स्वागत द्वार बनाये तो होंगे अफसर सस्पेंड




ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

प्रदेश में अब नगर निगम व नगरीय निकाय स्वागत द्वार नहीं बनाएंगे। शासन ने शहरी क्षेत्रों में स्वागत द्वार बनाने पर रोक लगा दी गई है। इसके पीछे फिजूलखर्ची रोकने और निकायों की आर्थिक स्थिति सुधारने का तर्क दिया गया है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय दुबे ने नगरीय निकायों के सीएमओ को हिदायत दी है कि अब किसी ने स्वागत द्वार बनाया तो सस्पेंड कर दूंगा। दरअसल, प्रदेश के नगर निगमों व निकायों की माली हालत ठीक नहीं है। इससे उबरने के बजाय निकाय ऐसे निर्माण कार्य कर रहे हैं, जिनसे कोई आय नहीं होती है। इनमें स्वागत द्वार को फिजूलखर्ची का कार्य बताया गया है।

अपर मुख्य सचिव ने निकायों को स्वागत द्वार बनाने के बजाय बुनियादी सुविधाओं, जैसे- सड़कों, नालियों और शुद्ध पेयजल आपूर्ति जैसी नागरिक सुविधाओं के विकास पर खर्च करने का निर्देश दिया है। हालांकि यह बात अलग है कि जनप्रतिनिधियों और नेताओं का जोर महापुरुषों के नाम पर स्वागत द्वार बनाए जाने पर रहता है। नगरीय निकाय के अधिकारियों के अनुसार, नगर पालिका या प्रमुख सड़कों पर बनने वाले कंक्रीट और पत्थर के मध्यम आकार के स्वागत द्वारों पर लगभग 15 लाख से 20 लाख तक का खर्च होता है।

# ममता की चुनावी रणनीति बनाने वाली आई-पैक का ऑफिस बंद

## चुनाव में 1 लाख एजेंट दिए, फर्म पर ईडी और सीबीआई ने मनी लॉन्ड्रिंग केस किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस और सीएम ममता बनर्जी का चुनावी कैंपेन संभाल रही फर्म आई-पैक का कोलकाता के विधाननगर स्थित दफ्तर दो दिन से बंद है। सूत्रों के अनुसार इसके एचआर ने 1300 कर्मियों को काम पर न आने का लेटर भेजा है।

यह सब ऐसे समय हुआ है जब पहले चरण का मतदान को 3 दिन बचे हैं। 23 अप्रैल को पहले चरण के तहत 152 सीटों पर वोटिंग होनी है। चुनाव




प्रचार 21 को खत्म हो जाएगा। दूसरे चरण की वोटिंग 29 अप्रैल को है। रिजल्ट 4 मई को आएंगे।

दरअसल, तृणमूल की बूथ लेवल की गतिविधि से लेकर नेताओं की सभाएं, रैलियां, सब कुछ तय करने में आई-पैक यानी इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी एक पॉलिटिकल कंसल्टेंसी कंपनी की अहम भूमिका निभा रही है। बंगाल में पार्टी के मौजूदा करीब 33% विधायकों के टिकट काटने के फैसले के पीछे भी इसी का सर्वे आधार था। इसने बंगाल के 93 हजार पोलिंग बूथों के लिए एक लाख शैडो एजेंट्स तैयार किए थे।

तृणमूल भले ही इसके बंद होने की खबरों को खारिज कर रही है, लेकिन मतदान से ठीक पहले संगठन और कार्यकर्ता असमंजस में आ गए हैं। हालांकि सवाल पर पार्टी सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने कहा- हम संसद में दूसरी बड़ी विपक्षी पार्टी हैं। 5 एजेंसियों के साथ काम कर रहे हैं। सभी ठीक हैं। पार्टी के एक अन्य नेता ने बताया कि टीएमसी संगठन 4 स्तर पर काम कर रहा है।

## खबर एक नजर...

### बदमाश के पास मिली धारदार गुप्ती



**उज्जैन।** भैरवगढ़ थाना एसआई सुरेश कलेश ने बताया कि ग्राम पानबडोदिया पानी की टंकी के पास बदमाश के पास गुप्ती लेकर घूमने की सूचना मिली थी। बदमाश किसी वारदात की फिराक में था। सूचना पर तत्काल टीम ने पानबडोदिया पहुंचकर बदमाश की घेराबंदी की और उसे हिरासत में लिया। उसके पास से स्टील का हत्था लगी गुप्ती बरामद की गई है। बदमाश अरूण बैरागी होना सामने आय है। जिसके खिलाफ आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया है।

### गिरफ्त में आया हत्या में शामिल पुत्र, पिता की तलाश

**उज्जैन।** भैरवगढ़ क्षेत्र के सिद्धवट मंदिर के पास रविवार को हुई हत्या में शामिल महिला के गिरफ्त में आने के बाद पुत्र को सोमवार सुबह पुलिस ने कस्टडी में लिया। अब मामले में मुख्य आरोपी पिता फरार है, जिसकी तलाश में दबिश दी जा रही है। अनंत नगर में रहने वाला राम पिता अशोक कुमावत 40 साल वाहन शोरूम पर सुरक्षा गार्ड का काम करता था। रविवार दोपहर भैरवगढ़ क्षेत्र के सिद्धवट मंदिर के पास भदेड़ मोहल्ले में राम की लोहे की रॉड से हमला कर हत्या कर दी गई। घटनाक्रम के बाद सामने आया था कि हत्या में रामेश्वर मालवीय उसकी पत्नी प्रेमलता उर्फ भूरी और पुत्र दुर्गेश शामिल है। मामला 50 हजार रुपए के लेनदेन से जुड़ा है। भैरवगढ़ थाना पुलिस ने मृतक के भाई बंटी की शिकायत पर हत्या का प्रकरण दर्ज कर कुछ घंटों में प्रेमलता को हिरासत में ले लिया था। पति और पुत्र की तलाश जारी थी। सोमवार सुबह पुत्र दुर्गेश भी हिरासत में आ गया। फिलहाल पुलिस दोनों से पूछताछ कर फरार रामेश्वर की जानकारी जुटाकर उसके ठिकानों पर दबिश दे रही है। संभावना है कि जल्द रामेश्वर भी पुलिस की गिरफ्त में आ जायेगा। विदित हो कि प्रेमलता मृतक राम कुमावत के यहां साफ-सफाई का काम करती थी। इसी वजह से राम ने उसके पति को रुपए उधार दिये थे। वापस मांगने पर विवाद हुआ था और तीनों ने मिलकर हत्या कर दी थी।

### घर लौट रहे मजदूर पर अज्ञात लोगों ने किया हमला

**उज्जैन।** घट्टिया तहसील के ग्राम भूतिया में रहने वाला मांगीलाल पिता घासीराम बंजारा 30 साल मजदूरी करता है। रविवार को मजदूरी के लिये उज्जैन आया था। रात में बस से घट्टिया लौटा और स्टेंड पर उतरने क बाद पैदल गांव की ओर जा रहा था। उसी दौरान पीछे से अज्ञात लोगों ने उस पर हमला कर दिया। सिर में गंभीर चोंट लगने पर वह बेहोश हो गया। कुछ लोगों ने उसे सड़क किनारे पड़ा देखा तो उसका वीडियो बनाया और गांव में दिखाया। वीडियो देखकर मजूदर की पहचान कर ली और परिजन घटनास्थल पहुंचे और उसे उपचार के लिये चरक अस्पताल लाया गया। जहां सोमवार दोपहर तक उसे होश नहीं आया था। उसे होश में आने पर ही उस पर हमला करने वालों की जानकारी सामने आ पायेगी।

### बोरवेल में गिरे भागीरथ के परिजन को 4 लाख रुपए की सहायता राशि मिली

**उज्जैन।** गत दिनों 9 अप्रैल की शाम को बड़नगर के पास ग्राम झालरिया में बोरवेल में गिरे 3 वर्षीय बालक भागीरथ के परिजनों को बुधवार को 4 लाख की आर्थिक सहायता राशि मिल गई। यह राशि मृतक भागीरथ के पिता पासाराम निवासी कोरना जिला पाली राजस्थान के खाते में जमा हो गई है। मौलाना हलके के पटवारी हिमेंद्र साहू ने बताया कि पीड़ित परिवार दूसरे प्रदेश राजस्थान के रहने वाले है, जिनका स्थानीय बैंक में खाता खुलवाकर सभी जरूरी दस्तावेज एक सप्ताह पहले ही कोषालय भेज दिए थे। दो दिन बाद पासाराम के जीजा ने मोबाइल लगाकर खाते में आर्थिक सहायता राशि जमा हो जाना कंफर्म किया है। पासाराम अभी अपने गांव राजस्थान गए है।


---

### उज्जैन नगर पूजा पर विवाद: महाकाल सेना ने अखाड़ा परिषद को लिखा पत्र

# शास्त्र सम्मत न होने पर पंडे-पुजारियों ने उठाए सवाल

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**



उज्जैन में चैत्र नवरात्रि की अष्टमी पर होने वाली 'नगर पूजा' को लेकर विवाद गहरा गया है। महाकाल सेना और स्थानीय पंडे-पुजारियों ने इस पूजा को शास्त्रसम्मत नहीं बताया है और अखाड़ा परिषद से इस संबंध में जवाब मांगा है।

महाकाल सेना ने अखाड़ा परिषद को एक औपचारिक स्मरण-पत्र भेजा है। इस पत्र में स्पष्ट किया गया है कि चैत्र मास की नवरात्रि में 'नगर पूजा' का कोई उल्लेख वेद-शास्त्रों में नहीं मिलता है। पत्र की एक प्रति भी सार्वजनिक हुई है।

**पहले भी पूछा पर जवाब नहीं मिला-** संगठन ने बताया कि इस विषय पर पहले भी अखाड़ा परिषद को पत्र भेजकर पूछा गया था कि यह पूजा शास्त्र सम्मत है या नहीं, लेकिन तब कोई जवाब नहीं मिला था। इसी कारण अब दोबारा स्मरण-पत्र भेजकर स्थिति स्पष्ट करने की मांग की गई है।

महाकाल सेना ने आशंका व्यक्त की है कि यदि शास्त्रों के विरुद्ध इस तरह की परंपराएं शुरू की जाती हैं, तो इससे उज्जैन की धार्मिक व्यवस्था और आम जनता में भ्रम की स्थिति पैदा हो सकती है।

**नगर पूजा आश्विन नवरात्रि की अष्टमी पर-** महाकाल सेना के संरक्षक महेश पुजारी ने बताया कि परंपरागत रूप से नगर पूजा आश्विन नवरात्रि की अष्टमी पर शासकीय स्तर पर होती है, जिसमें प्रशासन की भागीदारी रहती है और विधि-विधान से आयोजन किया जाता है। चैत्र नवरात्रि में इस तरह की किसी शासकीय मान्यता का उल्लेख नहीं मिलता है।

**समाज तय करेगा ऐसा नेतृत्व स्वीकार योग्य या नहीं-** संगठन प्रमुख राम शर्मा ने बताया कि स्मरण-पत्र में अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष से अपील की गई है कि वे सनातन धर्म और वेद-शास्त्रों के ज्ञाता होने के नाते इस विषय पर स्पष्ट जवाब दें और सही परंपरा को सामने रखें। उन्होंने यह भी कहा कि यदि इस मुद्दे पर धर्मसम्मत स्थिति स्पष्ट नहीं की गई, तो समाज को यह तय करना पड़ेगा कि ऐसे नेतृत्व को स्वीकार किया जाए या नहीं।

**लोकप्रियता के लिए ऐसा का रहे-** इस पूरे मामले में रविंद्र पूरी महाराज से जब चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि ये जो भी है लोकप्रियता के लिए ये इस तरह का कार्य कर रहे हैं, कौन हैं ये क्या हैं में इनको जानता तक नहीं।

---

### गेंहू खरीदी में अव्यवस्था के चलते प्रदेश भर के किसानों में भारी आक्रोश

# सैटेलाईट सत्यापन अमान्य करने और स्लॉट बुकिंग 10 मई व खरीदी 20 मई करने की मांग

### भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में किसानों का प्रदेश में बड़े आंदोलन की तैयारी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

भारतीय किसान संघ के तीनों प्रांतों के पदाधिकारियों के नेतृत्व में उपार्जन व्यवस्था में फैली अव्यवस्था के खिलाफ किसानों ने लामबंदी शुरू कर दी है। किसान संघ ने चेतावनी देते हुये कहा कि पराली जलाने के नाम पर प्रशासन किसानों पर प्रकरण दर्ज करना व जुमार्ना की कार्यवाही बंद करे। प्रदेश भर में सरकार व प्रशासन के खिलाफ भारी आक्रोश किसानों में देखने मिल रहा हैं।

भारतीय किसान संघ प्रांत मंत्री भारत सिंह बैस के अनुसार प्रदेश भर में समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी सरकार व प्रशासन द्वारा देरी से शुरू करने के कारण किसान वैसे ही परेशान था, लेकिन अब सैटेलाईट सर्वे में खसरों के असत्यापन होने के कारण छोटे बड़े सभी किसान स्लॉट बुक नहीं कर पा रहे हैं। साथ ही नरवाई जलाने के प्रकरण व जुमार्ना किसानों पर लादा जा रहा है।



**स्लॉट बुकिंग व खरीदी तिथि बढ़ायें-** भारतीय किसान संघ के प्रदेश अध्यक्ष कमल सिंह आंजना ने सरकार से मांग करते हुये कहा कि स्लॉट बुकिंग के लिए 10 मई व खरीदी की अंतिम तिथि 20 मई तक बढ़ाई जाये। साथ ही छोटे बड़े सभी पंजीकृत किसानों की तय सीमा में गेंहू खरीदी सुनिश्चित करने की व्यवस्था सरकार तत्काल करे।

**सैटेलाईट सत्यापन अमान्य किया जाये-** भारतीय किसान संघ के मालवा प्रांत के महामंत्री रमेश दांगी ने मांग करते हुये कहा कि सैटेलाइट सत्यापन के नाम पर किसानों को परेशान करना प्रशासन बंद करे। श्री दांगी ने कड़े शब्दों में कहा कि जब सैटेलाइट का डाटा सही नहीं है तो उसके आधार पर सत्यापन क्यों किया जा रहा है। हमारी सरकार से मांग है कि तत्काल सैटेलाइट सर्वे के नाम पर किया गया सत्यापन अमान्य किया जाये। पटवारी की गिरदावरी को ही आधार मान स्लॉट बुकिंग शीघ्र प्रारंभ की जाये।

---

## सीएम आवास पहुंचे हरिफाटक से इंदिरा नगर तक चौड़ीकरण में प्रभावित व्यापारी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

इंदिरा नगर चौराहा से हरिफाटक तक के व्यापारी और रहवासी अपनी दुकानों और मकानों पर प्रस्तावित कार्रवाई के विरोध में सोमवार सुबह 7 बजे मुख्यमंत्री आवास पहुंच गए। करीब एक घंटे इंतजार के बाद प्रभावितों के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की।

प्रशासन की ओर से मकानों और दुकानों पर तोड़फोड़ के लिए खींची गई लाल लकीरों पर चिंता जताते हुए आपत्ति दर्ज कराई। प्रतिनिधिमंडल में अजीत मंगलम, बंटू यादव, सुनील जैन, सफू भाई, जाहिद अली बंदूक वाला, श्याम यादव, हेमंत जैन आदि शामिल थे। मुख्यमंत्री ने व्यापारियों की बातें सुनीं और संबंधित अधिकारियों को पूरी योजना पर पुनर्विचार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि योजना आगे बढ़ी तो प्रभावितों को उचित मुआवजा मिलेगा।

अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसी सरकारी जमीन तलाश करें, जहां प्रभावितों को दुकान उपलब्ध कराई जा सके। सड़क की चौड़ाई घटाई जाए। नुकसान न्यूनतम रखा जाए। मुख्यमंत्री के मौखिक आश्वासन के बाद भी व्यापारियों ने संदेह जताया और लिखित गारंटी मांगी। कहा- पहले भी तकनीकी कारण बताकर कार्रवाई होती रही है। इसलिए ठोस लिखित आश्वासन जरूरी है। प्रतिनिधिमंडल ने यह मुद्दा भी उठाया कि रेलवे और बस स्टैंड की सरकारी जमीन शहर में उपलब्ध है फिर रिहायशी और व्यावसायिक इलाकों को तोड़ने की स्थिति क्यों बनाई जा रही है। प्रशासन के इस प्रोजेक्ट से शहर के करीब 3000 परिवारों के रोजगार और आवास पर असर पड़ने की बात कही जा रही है। व्यापारियों ने चेतावनी दी कि मांगें नहीं मानी, किसी दुकान या मकान पर कार्रवाई हुई तो आंदोलन मुख्यमंत्री आवास से निकलकर उज्जैन की सड़कों तक फैलाया जाएगा। प्रभावितों की नजरें प्रशासन के अगले कदम पर टिकी हैं।

---

### बाजार में एक बार फिर ग्राहकों की रौनक बढ़ी, आखातीज पर चमके बाजार हुआ व्यापार

# ग्रामीण ग्राहकी से एक बार फिर नई ऊर्जा का संचार

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**



- **इधर होटल एवं गार्डन फूल-** अबुझ मुहूर्त आखातीज के चलते विवाह आयोजनों की बाढ़ देखी जा रही है। हाल यह हैं कि होटल, गार्डन एवं सामुदायिक मांगलिक भवन सभी फूल बताए जा रहे हैं। शहर के बाहरी क्षेत्र के गार्डन एवं होटलों में आयोजनों का एक दौर चल पडा है उसके बाद भी शहरी क्षेत्र में सब फूल हैं। बढ़े हुए दाम के बावजूद भी बेड, ढोल, डीजे, घोड़ी, कैटरिंग, टेंट, स्टेज, इवेंट वाले सभी बुक चल रहे हैं और आकस्मिक रूप से आने वाले कामों को लेकर मुंह मांगी दर ली जा रही है।
- **सर्राफा बाजार में बढ़ी डिमांड-** सर्राफा बाजार से जुडे व्यापारियों के अनुसार सोना-चांदी के दाम में अच्छी खासी उठा-पटक देखने के बाद अब दाम में स्थिरता को देखते हुए अब एक बार फिर से रूझान देखा गया है। पिछले 6 माह में यह पहला अवसर रहा है जब खरीदी को लेकर आम ग्राहक में रूझान की स्थिति स्थिर रूप से देखी गई है। आखातीज के विवाह मुहूर्त को लेकर अधिकांश लाइटवेट ज्वेलरी की ही खरीदी को प्राथमिकता दी है। इसे लेकर बाजार में नए डिजाईन एवं नए फैशन को देखते हुए बाजार में पूर्व से ही व्यापारियों की तैयारी थी।

गेंहू की फसल बिकने और उसके बाद ग्रामीणों का बाजार में खर्च के लिए आने के क्रम ने तेजी पकड़ी हुई है। बाजार में आखातीज के अवसर पर अबूझ मुहूर्त में विवाह आयोजनो की धूम रही। इसके चलते सभी व्यापार व्यवसाय में तेजी देखी जा रही है। यहां तक की सोना-चांदी बाजार जिधर ग्राहक मजबूरी में ही जा रहा था उसमें भी ग्राहकी की तेजी देखी गई है। अंतिम दिनों में ही बाजार में एक दम से उठाव आया है। अब लगन सेरा की ग्राहकी बराबर बनी रहेगी।

मंडी में एवं समर्थन मूल्य पर नया गेंहू की फसल विक्रय से ग्रामीण क्षेत्रों में हाल ही में जेब गरम हुई है। इसके चलते ग्रामीण क्षेत्रों में विवाह आयोजनों की धूम देखी जा रही है। इन आयोजनों में खरीदी शहरी क्षेत्रों से ही की जा रही है। उज्जैन आसपास के बड़े कस्बे के साथ ही छोटे जिलों के मुख्य बाजार के रूप में देखा जाता है।

**5 दिन में करीब आधे अरब का कारोबार-** बाजार से जुड़े सूत्रों के अनुसार आखातीज की ग्राहकी को लेकर व्यापारियों ने पूर्व से तैयारी की थी लेकिन व्यवसाय में उठाव न देखते हुए उन्हें निराशा की स्थिति आने लगी थी। आकस्मिक रूप से 5-7 दिन पूर्व से बाजार में ग्रामीण ग्राहकी का तड़का लगा । जैसे-जैसे ग्रामीण क्षेत्रों से गेंहू की फसल बिकती गई एवं उनका भूगतान मिलता गया वैसे-वैसे बाजार में ग्राहकी में तेजी बनती गई।व्यापारियों ने मांग के अनुसार विभिन्न वैरायटियों में कपड़े, आभूषण, इलेक्ट्रॉनिक्स सामान, बर्तन आदि मंगाए हैं। आखातीज तक लगभग 15-20 करोड़ का कारोबार हुआ है। आखातीज से पहले बाजार में दिनभर भीड़ नजर आती रही। सराफा, कपड़ा, सौंदर्य प्रसाधन, रेडीमेड कपड़ों की दुकानों के साथ ही इलेक्ट्रॉनिक्स, फर्नीचर आदि दुकानों पर खासी चहल पहल देखी जा रही है।

उज्जैन
मंगलवार
21
अप्रैल, 2026

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

अनेकसंशयोच्छेदि परोक्षार्थस्य दर्शकम्।
सर्वस्य लोचनं शास्त्रं यस्य नास्त्यन्ध एव सः।।

**अर्थः** जो व्यक्ति अनेक शंकाओं को दूर करता है, परोक्ष वस्तु को दिखाता है, और सभी नेत्रों के शास्त्रों का अध्ययन नहीं किया है, वह आंख होते हुए भी अंधा है।

## खबर एक नजर...

### 15 मई से पहले एससी-एसटी छात्रावास खाली करने के आदेश

**इंदौर।** अन्य जिलों से आकर इंदौर के एससी-एसटी होस्टलों में रहकर पढ़ाई कर रहे सैकड़ों स्टूडेंट के सामने जनजातीय कार्य विभाग का एक नियम परेशानी का कारण बन गया है। विभाग ने शैक्षणिक सत्र समाप्त होते ही जिले के सभी छात्रावासों को 15 मई से पहले खाली करने का आदेश जारी कर दिया है। यह आदेश उन छात्रों के लिए मुसीबत बन गया है, जो यहीं रहकर जेईई, नीट यूजी, सीयूईटी यूजी सहित तमाम प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। छात्रों का कहना है कि आखिर तीन माह के लिए हम कहां जाएं? इंदौर के मोरोद और भंवरकुआं क्षेत्र के होस्टल्स में रहने वाले अधिकांश छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। इंदौर में प्राइवेट पीजी या कमरे का किराया 5 से 7 हजार रुपए है। गरीब आदिवासी परिवारों के लिए दो महीने का यह अतिरिक्त खर्च उठाना मुश्किल है। हालांकि, ऐसे छात्र जिनकी परीक्षाएं मई या जून में होने वाली है उन्हें विशेष अनुमति दी जाती है। ये छात्र एडमिट कार्ड और संबंधित कोचिंग के सर्टिफिकेट के साथ सहायक आयुक्त कार्यालय में आवेदन दे सकते हैं। परीक्षा के बाद इन्हें भी होस्टल छोड़ना होगा।

### अगरबत्ती कारखाने में लगी आग, धुएं से रहवासियों में मची अफरातफरी



**इंदौर।** एरोड्रम क्षेत्र में सोमवार सुबह एक अगरबत्ती कारखाने में भीषण आग लग गई। ऊंची लपटें व धुआं दूर तक दिखाई दे रहा था। धुएं के कारण आसपास के रहवासी क्षेत्रों में अफरातफरी मच गई। लोग घरों से बाहर निकल आए। कारखाने में रखा कच्चा माल, तैयार अगरबत्ती, मशीनें, केमिकल और फ्यूम पूरी तरह जल गए। टीन शेड में रखा स्टॉक भी नष्ट हो गया। कारखाने का संचालन मेहुल जैन कर रहे थे, जबकि भवन मालिक आकाश गुर्जर बताए गए हैं। दमकल की टीम ने करीब ढाई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

### आयोग अध्यक्ष को हटाने का आदेश विवादों में, मामला सीएम तक पहुंचा


**इंदौर।** मप्र राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष को हटाने का आदेश अब विवादों में घिर गया है। मामला सीएम तक पहुंच गया है। आयोग के अध्यक्ष के रूप में 15 अप्रैल 2023 को प्रताप करोसिया की नियुक्ति की गई थी। उन्हें कैबिनेट मंत्री का दर्जा भी दिया गया था। अप्रैल 2026 में जारी नए आदेश में कहा गया कि तीन वर्ष की अवधि पूरी होने पर उन्हें पद से मुक्त किया जा रहा है और इससे जुड़ी सभी सुविधाएं समाप्त मानी जाएंगी। इस फैसले पर करोसिया ने आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि नियुक्ति आदेश में स्पष्ट उल्लेख था कि वे आगामी आदेश तक पद पर बने रहेंगे। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि 13 अप्रैल 2026 को जारी आदेश में 14 अप्रैल को कार्यकाल समाप्त होने का आधार कैसे तय किया गया। उनका कहना है कि जिस स्तर से यह पत्र जारी हुआ, उसे ऐसा करने का अधिकार नहीं है। आदेश में 2008 के नियमों का हवाला दिया गया, जबकि 11 सितंबर 2017 को इन्हें निरस्त किया जा चुका है। इस पूरे मामले को लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर हस्तक्षेप की मांग की है। साथ ही संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई की भी मांग की गई है।

### जयपुर गए थे कारोबारी के घर चोरी, बदमाश सीसीटीवी में कैद

# 8 लाख का सामान और 2 लाख रुपए कैश ले उड़े बदमाश

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर










कनाडिया क्षेत्र में एक बार फिर नकाबपोश बदमाशों ने एक कारोबारी के घर को निशाना बनाया है। बदमाश यहां से करीब 10 लाख रुपए का सामान लेकर फरार हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है, वहीं पुलिस गश्त पर भी सवाल उठने लगे हैं। पीड़ित व्यवसायी ने कनाडिया थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई है। वारदात का सीसीटीवी भी सामने आया है जिसमें चोर घर में चोरी करने घुसते नजर आ रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, कनाडिया थाना क्षेत्र की झालरिया स्थित पॉश कॉलोनी काउंटी वॉक में आधा दर्जन से अधिक बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। बदमाशों ने संजय भाटिया के घर में घुसकर चोरी की। सोमवार सुबह जब संजय अपने परिवार के साथ घर लौटे तो अंदर का सामान बिखरा हुआ मिला। जांच करने पर अलमारी से करीब 8 लाख रुपए के जेवर और लगभग डेढ़ लाख रुपए नकद गायब पाए गए।

**संदिग्ध बदमाश घूमते दिखाई दिए-** बताया जा रहा है कि संजय भाटिया 17 अप्रैल को अपने परिवार के साथ एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने जयपुर गए थे। सोमवार सुबह करीब 7 बजे लौटने पर उन्हें चोरी का पता चला। इसके बाद उन्होंने घर में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की, जिसमें करीब आधा दर्जन संदिग्ध बदमाश कॉलोनी में घूमते नजर आए।

सीसीटीवी फुटेज में बदमाश नकाब पहने दिखाई दे रहे हैं। आशंका जताई जा रही है कि वे किसी चार पहिया वाहन से कॉलोनी में पहुंचे थे और पहले रैकी कर वारदात को अंजाम दिया। पॉश कॉलोनी में इस तरह की घटना से स्थानीय लोगों में आक्रोश है और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### खजराना क्षेत्र के ताज नगर में प्रशासन की कार्रवाई

# सीलिंग की जमीन पर बने 12 मकान ढहाए

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर



सैंया भये कोतवाल तो डर काहे का... यही मामला सामने आया है खजराना थाना क्षेत्र में। यहां ताज नगर में शासकीय शहरी सीलिंग की जमीन पर एक थाने के टीआई के ड्राइवर ने भी चार से पांच मकान बना रखे थे। एक निर्माण तो 5 हजार वर्गफीट का निकला। सोमवार को जिला प्रशासन ने भारी पुलिसबल की मौजूदगी में पोकलेन, जेसीबी की मदद से 12 से ज्यादा मकान तोड़े। अधिकांश पक्के थे। यहां एग्रीमेंट के नाम पर लोगों को फंसाकर प्लॉट बेचने की गड़बड़ी भी सामने आई है।

जूनी इंदौर एसडीएम घनश्याम धनगर के साथ पुलिस और निगम का अमला सुबह ग्राम खजराना के ताज नगर पहुंचा। यहां लंबे समय से शासकीय जमीन पर अतिक्रमण की शिकायत थी। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर टीम ने खसरा 442/1 पर लगभग 30 हजार वर्गफीट पर किए गए अतिक्रमण को हटाया। मुक्त कराई गई जमीन का बाजार मूल्य 30 करोड़ रुपए है। कार्रवाई के दौरान एसीपी खजराना कुंदन मंडलोई, तहसीलदार राकेश सस्तिया सहित कमलेश कुशवाह, अशोक परमार, थाना प्रभारी मनोज सेंधव, रिमूवल अधिकारी बबलू कल्याणे व राजस्व, पुलिस और नगर निगम का अमला मौके पर उपस्थित रहा।

**पश्चिम रेलवे-रतलाम विभाग**

**संकेत एवं दूरसंचार विभाग ई-निविदा सूचना**

**निविदा संख्या : SNT_RTM_26_Tele_05, तिथि : 17.04.2026**

भारतराष्ट्रपतिपक्षतः संभागीयरेलवे प्रबन्धक (संकेत एवं दूरसंचार), पश्चिम रेलवे, रतलाम द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमन्त्रित हैं।

कार्यस्य नाम : रतलाम मण्डले सिंहस्थ 2028 के सम्बन्ध में विभिन्न स्टेशनों पर दूरसंचारयात्रीसुविधानां उन्नयनं प्रतिस्थापनं च कर्तुं दूरसंचारसाधनानाम् (ओएफसी आधारितदूरसंचारसंरचना) आपूर्तिः, स्थापना, परीक्षणं तथा च आयुक्तीकरणं तथा च विविधसुविधाः। कार्यस्य अनुमानितव्ययः : 4,79,46,820.12/- (रूप्यकाणि चतुःकोटि उनसप्ततिलक्षं षट्चत्वारिंशत् सहस्रं अष्टशतं विंशतिः द्वादशपैसः एव), निविदामूल्यंः शून्यं, सुरक्षानिक्षेपः: 9,58,900/-, समाप्तिकालः: नव (09) मासाः, अन्तिमतिथिः तथा... ई-निविदादस्तावेजप्रस्तुतीकरणसमयः २५/०५/२०२६ १५:०० वादनपर्यन्तं, ई-निविदा उद्घाटनस्य तिथिः समयः च २५.०५.२०२६ १५:३० वादनपर्यन्तं, वैधता : निविदा उद्घाटनदिनात् ६० दिवसाः। निविदा https://www.ireps.gov.in इति जालपुटे द्रष्टुं शक्यते। निविदाकारस्य तृतीयवर्गस्य डिजिटलहस्ताक्षरप्रमाणपत्रं भवितुमर्हति तथा च IREPS पोर्टले पञ्जीकरणं अनिवार्यम् अस्ति। केवलं पञ्जीकृतनिविदाकाराः एव ई-निविदायां भागं ग्रहीतुं शक्नुवन्ति।

ADM/6/1/011

अस्मान् अनुसरणं कुर्वन्तुः twitter.com/WesternRly

# शराब नीलामी में राजस्व की 'राजधानी' बना इंदौर

## प्रदेश की झोली में अकेले डाले 432 करोड़ अतिरिक्त, भोपाल-ग्वालियर को पीछे छोड़ा

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर



मध्य प्रदेश में साल 2026-27 के लिए शराब दुकानों की नीलामी ने सरकार के खजाने को लबालब कर दिया है। इस पूरी प्रक्रिया में एक बार फिर 'मिनी मुंबई' कहे जाने वाले इंदौर ने अपनी आर्थिक ताकत का लोहा मनवाया है। इंदौर ने अकेले सरकार को 432.74 करोड़ रुपए का अतिरिक्त राजस्व दिलाया है, जो राज्य के किसी भी अन्य जिले की तुलना में सबसे अधिक है।

इंदौर जिले की कुल 173 शराब दुकानों की नीलामी ने इस बार सभी समीकरण बदल दिए। पिछले वित्तीय वर्ष (2025-26) में इन दुकानों का वार्षिक मूल्य 1752.02 करोड़ रुपए था, जो इस बार की बोली में उछलकर 2184.76 करोड़ रुपए के पार पहुंच गया।

सीधे तौर पर 24.70 फीसदी की रिकॉर्ड बढ़ोतरी दर्ज की गई। इंदौर की बादशाहत का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि दूसरे स्थान पर रहे धार जिले (126.54 करोड़) से इंदौर की अतिरिक्त आय तीन गुना से भी ज्यादा है। वहीं ग्वालियर और रायसेन जैसे बड़े जिले भी इंदौर के मुकाबले कहीं नहीं टिक पाए।

**नाइट लाइफ और कॉर्पोरेट कल्चर ने बढ़ाई बिक्री-** विशेषज्ञों का मानना है कि इंदौर में शराब की दुकानों के लिए लगी इतनी ऊंची बोली सिर्फ एक इत्तेफाक नहीं है। शहर का लगातार होता भौगोलिक विस्तार, राऊ, सांवेर और सुपर कॉरिडोर जैसे इलाकों का विकास और तेजी से बढ़ता नाइटलाइफ कल्चर इसके पीछे की मुख्य वजह है।

**मालवा-निमाड़ का दबदबा बरकरार-** इस नीलामी के परिणामों ने साफ कर दिया है कि आबकारी आय के मामले में मालवा-निमाड़ बेल्ट पूरे मध्य प्रदेश का नेतृत्व कर रहा है। इंदौर के साथ-साथ धार, खरगोन और खंडवा जैसे जिलों ने भी राजस्व में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। राजधानी भोपाल, जहां 87 दुकानें हैं, वहां से अतिरिक्त राजस्व मात्र 12.96 करोड़ रुपए ही मिल पाया।

**राजस्व का रिकॉर्ड लेकिन चुनौतियां भी बड़ी-** भले ही इंदौर सरकार के लिए सबसे भरोसेमंद राजस्व केंद्र बन गया हो, लेकिन इस भारी-भरकम बोली के साथ चुनौतियां भी बढ़ गई हैं। जानकारों का कहना है कि जब ठेकेदार इतनी ऊंची कीमत पर दुकान लेते हैं, तो उन पर बिक्री बढ़ाने का भारी दबाव होता है। ऐसे में प्रशासन के सामने सबसे बड़ी चुनौती नशा नियंत्रण, अवैध शराब की बिक्री को रोकना और जिम्मेदार उपभोग सुनिश्चित करने की होगी।

## खबर एक नजर...

### श्री महाराष्ट्र समाज उज्जयिनी में आज होगा निःशुल्क सामूहिक उपनयन संस्कार

**उज्जैन।** श्री महाराष्ट्र समाज उज्जयिनी द्वारा वैशाख शुक्ल पंचमी और श्री आदि शंकराचार्य जयंती के उपलक्ष्य में आज मंगलवार 21 अप्रैल को निःशुल्क सामूहिक उपनयन संस्कार का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यक्रम संयोजक एवं श्री महाकालेश्वर मंदिर के पुरोहित वेदमूर्ति पं. विश्वास करहाड़कर तथा सह-संयोजक निलेश नेमावरकर ने बताया कि तिलक स्मृति मंदिर, 49 क्षीरसागर स्थित समाज भवन धर्मशाला में आयोजित समारोह में शामिल होने के लिए भोपाल, ग्वालियर, रीवा, इंदौर, उज्जैन सहित प्रदेश के विभिन्न शहरों से समाजजन पहुंचेंगे। बाहर से एक दिन पूर्व आने वाले अतिथियों के लिए समाज भवन में ठहरने की निःशुल्क व्यवस्था भी की गई है। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं और इसे सफल बनाने में समाज अध्यक्ष पंकज चांदोरकर, उपाध्यक्ष सदाशिव नायगांवकर, सचिव सुशील मुळे, सह सचिव मिलिंद पन्हाळकर एवं यशवंत तिळ्गुळकर, कोषाध्यक्ष रवीन्द्र मुळे और कार्यकारिणी सदस्य वसंत आपटे, सुचित्रा केतकर, प्रदीप जोग तथा दिलीप जोशी का विशेष सहयोग रहेगा।

### रोटरी क्लब के सेवा कार्यों की मंडलाध्यक्ष ने की सराहना

**उज्जैन।** रोटरी मंडल 3040 के मंडलाध्यक्ष रोटेरियन सुशील मल्होत्रा की पत्नी सहित आधिकारिक उज्जैन यात्रा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। अपनी यात्रा के दौरान आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने रोटरी क्लब उज्जैन द्वारा किए जा रहे जनसेवा कार्यों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। मंडलाध्यक्ष ने आगामी सिंहस्थ महाकुंभ में रोटरी क्लब की महत्वपूर्ण भूमिका को लेकर भी अपने विचार व्यक्त किए। क्लब अध्यक्ष रोटेरियन ईश्वर चंद्र दुबे एवं सचिव रोटेरियन उरूसा हाशमी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर मंडलाध्यक्ष का स्वागत किया। इसके बाद आयोजित बोर्ड मीटिंग में उन्होंने क्लब द्वारा किए गए कार्यों का अवलोकन किया और उन्हें श्रेष्ठ बताया। मंडलाध्यक्ष ने लंगर पेट्रोल पंप पर हेलमेट जागरूकता के लिए लगाए गए होर्डिंग, पुष्पा मिशन अस्पताल स्थित रोटरी ब्लड बैंक एवं संस्कृति वन में क्लब द्वारा रोपित पौधों का निरीक्षण किया।

#### 5 दिन और 118 किलोमीटर की पैदल यात्रा में बांटी निशुल्क दवाइयां, गंभीर मरीजों को अस्पताल भेजकर किया स्वस्थ

# आरोग्य भारती के स्वास्थ्य शिविरों ने श्रद्धालुओं की राह की आसान, हजारों यात्रियों का हुआ निशुल्क उपचार






ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

विभिन्न जिलों से हजारों श्रद्धालु उज्जैन में आयोजित होने वाली पांच दिवसीय पंचकोशी यात्रा में शामिल होते हैं। 118 किलोमीटर की इस कठिन पैदल यात्रा में श्रद्धालु 84 महादेव के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित करते हैं। इस लंबी यात्रा को श्रद्धालुओं के लिए सुगम और सरल बनाने के उद्देश्य से आरोग्य भारती मालवा प्रांत के उज्जैन महानगर एवं ग्रामीण इकाई द्वारा यात्रा मार्ग पर अनेक स्थानों पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए।

आरोग्य भारती के ग्रामीण जिला अध्यक्ष एसपी अहिरवार ने बताया कि शिविरों में यात्रियों को निशुल्क दवाइयों के साथ-साथ दर्द निवारक मरहम उपलब्ध कराए गए। इसके अलावा श्रद्धालुओं की बीपी और शुगर की निशुल्क जांच भी की गई। यात्रा के दौरान गंभीर रूप से बीमार हुए यात्रियों को एंबुलेंस के माध्यम से सिविल अस्पताल (चरक) भेजा गया, जहां से स्वस्थ होने के बाद वे पुनः अपनी पंचकोशी यात्रा में शामिल हो सके।

इन स्वास्थ्य शिविरों के सफल संचालन में जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक पटेल और उनकी स्वास्थ्य टीम का विशेष सहयोग रहा। आरोग्य भारती उज्जैन इकाई ने इस पुनीत कार्य में सहयोग के लिए स्वास्थ्य विभाग का आभार व्यक्त किया है।

यात्रियों की सेवा के लिए लगाए गए इन शिविरों में आरोग्य भारती मालवा प्रांत उज्जैन के सचिव मनीष अग्रवाल, वन औषधि प्रमुख दीपक जोशी, डॉ. रमाकांत मिश्रा, मिथिलेश शर्मा, महेश धनेलिया, आशुतोष सारोठिया, एमडी अहिरवार, विनीता भटनागर, टीकम शर्मा, कमल आंजना, संजय पुरिया, पुष्पा परिहार, लक्ष्मीनारायण गहलोत, शकुंतला कौशल, अंगूरी अहिरवार, कैलाश प्रजापति, प्रदीप बैरागी और राकेश सोनी ने उपस्थित रहकर अपनी सेवाएं दीं।

## उज्जैन में 5 दिवसीय निःशुल्क आयुर्वेद शिविर शुरू

### नाड़ी वैद्य संतोष आनंद जायसवाल जड़ी-बूटियों से कर रहे उपचार, नाड़ी देखकर पहचान रहे रोग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

आधुनिक जीवनशैली और भागदौड़ भरी जिंदगी में उत्पन्न होने वाली गंभीर और असाध्य बीमारियों के उपचार के लिए शहर में 5 दिवसीय निःशुल्क आयुर्वेद शिविर 20 तारीख से शुरू हो गया है। जाने-माने आयुर्वेद विशेषज्ञ और नाड़ी वैद्य संतोष आनंद जायसवाल 24 तारीख तक उज्जैन निवासियों और श्रद्धालुओं के लिए इस शिविर में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। यह निःशुल्क शिविर क्षीरसागर स्थित प्रकाश टॉकीज की गली में मौजूद जायसवाल धर्मशाला में लगाया गया है। इस शिविर की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वैद्य जायसवाल बिना बताए केवल नाड़ी देखकर मरीजों को उनका रोग बता रहे हैं और शुद्ध शिलाजीत व आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों के माध्यम से उनका सफल उपचार कर रहे हैं।

शिविर में मुख्य रूप से लीवर व किडनी की समस्या, मानसिक रोग, थायराइड, स्नायुशूल, पीलिया, हृदय रोग, हाई बीपी, अल्सर, टीबी, क्षयरोग, प्रोस्टेट, गैंग्रीन, चर्म रोग, मोटापा, संतानहीनता, हाथीपांव, कैंसर, मिर्गी, साइनस, माइग्रेन, दमा, भगंदर, बवासीर, पथरी, साइटिका, लकवा, गठिया, जोड़ों का दर्द और विभिन्न गुप्त रोगों का इलाज किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि वैद्य संतोष आनंद जायसवाल इससे पूर्व भी लगातार उज्जैन के महाकाल वन मेले के साथ-साथ भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर के वन मेलों में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। वैद्य जायसवाल ने नगरवासियों से इस निःशुल्क शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है।

## गेहूं खरीदी में अव्यवस्था से किसानों में भारी आक्रोश, प्रदेश में बड़े आंदोलन की चेतावनी

### भारतीय किसान संघ की मांगः सैटेलाइट सत्यापन हो अमान्य, 10 मई तक बढ़े स्लॉट बुकिंग और 20 मई तक हो खरीदी



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

प्रदेश भर में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी में हो रही अव्यवस्था और सैटेलाइट सर्वे में आ रही गड़बड़ियों के कारण किसानों में भारी आक्रोश है। भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में किसानों ने सरकार व प्रशासन के खिलाफ लामबंदी शुरू कर दी है और प्रदेश में बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है। संघ ने पराली (नरवाई) जलाने के नाम पर किसानों पर दर्ज किए जा रहे प्रकरण और जुर्माने की कार्रवाई को भी तुरंत रोकने की मांग की है।

प्रांत मंत्री भारत सिंह बैस के अनुसार, सरकार और प्रशासन द्वारा पहले ही गेहूं खरीदी देरी से शुरू की गई थी, जिससे किसान परेशान थे। अब सैटेलाइट सर्वे में खसरों का असत्यापन होने के कारण छोटे-बड़े कोई भी किसान अपना स्लॉट बुक नहीं कर पा रहे हैं। इस अव्यवस्था और नरवाई के मुकदमों के कारण प्रदेश भर के किसानों का गुस्सा भड़क गया है। इसे लेकर तीनों प्रांतों के पदाधिकारियों के नेतृत्व में किसानों ने विरोध तेज कर दिया है। भारतीय किसान संघ के प्रदेश अध्यक्ष कमल सिंह आंजना ने सरकार से मांग की है कि किसानों की परेशानी को देखते हुए स्लॉट बुकिंग की तारीख 10 मई और खरीदी की अंतिम तिथि 20 मई तक बढ़ाई जाए। इसके साथ ही, छोटे-बड़े सभी पंजीकृत किसानों की तय सीमा के भीतर गेहूं खरीदी सुनिश्चित करने के लिए तत्काल उचित व्यवस्था की जाए।

मालवा प्रांत के महामंत्री रमेश दांगी ने कड़े शब्दों में कहा कि सैटेलाइट सत्यापन के नाम पर किसानों को परेशान करना बंद किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब सैटेलाइट का डाटा ही सटीक नहीं है, तो उसके आधार पर सत्यापन करना पूरी तरह गलत है। किसान संघ ने शासन से मांग की है कि सैटेलाइट सर्वे के सत्यापन को तत्काल प्रभाव से अमान्य किया जाए और पूर्व की तरह पटवारी की गिरदावरी को ही मुख्य आधार मानकर स्लॉट बुकिंग शीघ्र प्रारंभ की जाए।

## उज्जैन से श्रीनगर तक नशा मुक्ति की गूंज, स्वामी विश्वात्मानंद सरस्वती के साथ उज्जैन ने भी उठाई आवाज

### जन जागरण रैली में शामिल हुए उज्जैन के भक्त, देश भर के धर्मगुरुओं से राष्ट्रव्यापी जन-आंदोलन चलाने का आह्वान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अटल पीठाधीश्वर राजगुरु आचार्य महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 स्वामी विश्वात्मानंद सरस्वती जी महाराज जम्मू-कश्मीर में नशे की बढ़ती लत के खिलाफ एक सक्रिय और व्यापक जन आंदोलन का नेतृत्व कर रहे हैं। इसी कड़ी में स्वामी जी ने श्रीनगर के लाल चौक स्थित घंटाघर से अपने शिष्यों के साथ एक विशाल जन जागरण रैली निकालकर नशा मुक्ति अभियान का शंखनाद किया। इस ऐतिहासिक और सामाजिक महत्व के अभियान में उज्जैन से हरि सिंह यादव और रवि राय ने भी विशेष रूप से सहभागिता की और शहरवासियों को इस पुनीत कार्य की जानकारी दी।

### युवाओं को किया प्रेरित, धर्मगुरुओं से मांगा साथ

श्रीनगर में आयोजित जागरण रैली के दौरान स्वामी विश्वात्मानंद सरस्वती ने देश के युवाओं से सीधा आह्वान किया कि वे समाज से नशे की बुराई को पूरी तरह दूर करें। समाज सुधार की इस दिशा में कदम बढ़ाते हुए उन्होंने देश के समस्त धर्मगुरुओं से भी विशेष आग्रह किया है कि वे आगे आएं और संपूर्ण देश को इस गंभीर समस्या से मुक्त कराने के लिए एकजुट होकर अभियान चलाएं। उल्लेखनीय है कि स्वामी जी ने 11 अप्रैल 2026 को जम्मू के एमएस स्टेडियम से नशा मुक्त जम्मू-कश्मीर पदयात्रा की शुरूआत की थी। उन्होंने अपने इस अभियान को एक महायज्ञ का नाम दिया है। इसका मुख्य उद्देश्य जम्मू संभाग के गांवों और शहरों से नशे के विष को जड़ से समाप्त करना है।




### कथाओं और संत सम्मेलनों से जगा रहे अलख

जम्मू-कश्मीर के विभिन्न हिस्सों में स्वामी जी लगातार नागरिकों से अपील कर रहे हैं कि नशे के खिलाफ इस लड़ाई को हर घर तक पहुंचाएं। सुंदरबनी और अन्य क्षेत्रों में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा और विराट संत सम्मेलनों के माध्यम से वे विशेषकर युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर रहे हैं। इस व्यापक अभियान का मूल उद्देश्य केवल नशे पर रोक लगाना नहीं है, बल्कि लोगों के जीवन में आध्यात्मिक बदलाव लाकर एक स्वच्छ एवं सुरक्षित समाज का निर्माण करना है जिससे युवा पीढ़ी को एक उज्ज्वल भविष्य मिल सके।

## खबर एक नजर...

### श्रृंखला के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी करण शेखावत को मिली बाइक

उज्जैन। क्षीरसागर मैदान में भूरेलाल फिरोजिया सामाजिक एवं शोध संस्थान द्वारा आयोजित अखिल भारतीय डे-नाइट टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता 'फिरोजिया ट्रॉफी 2026' का सफलतापूर्वक समापन हो गया है। अंतिम प्रतिस्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राजस्थान की शिवम कंप्यूटर जयपुर की टीम विजेता बनी, जबकि मध्य प्रदेश की भील बॉयज झाबुआ की टीम उपविजेता रही।

समापन समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सम्मिलित हुए। उन्होंने पूर्व विधायक स्वर्गीय भूरेलाल फिरोजिया के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस गरिमामयी अवसर पर उज्जैन उत्तर विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा और भाजपा जिला अध्यक्ष संजय अग्रवाल की विशेष उपस्थिति रही। समारोह के दौरान खिलाड़ियों के आग्रह पर सांसद अनिल फिरोजिया ने क्षीरसागर मैदान पर स्थायी प्रकाश व्यवस्था का विषय उठाया, जिस पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंच से ही मैदान में स्थायी प्रकाश व्यवस्था लगवाने की महत्वपूर्ण घोषणा की। प्रतियोगिता के अंतिम मैच के बाद विजेता टीम शिवम कंप्यूटर जयपुर को 5 लाख 51 हजार रुपए की नकद राशि और ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं, उपविजेता रही भील बॉयज झाबुआ को 2 लाख 51 हजार रुपए का नकद पुरस्कार दिया गया। पूरी प्रतियोगिता में अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करने वाले जयपुर टीम के कप्तान करण शेखावत को श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया, जिन्हें पुरस्कार स्वरूप मोटरसाइकिल भेंट की गई।

### परशुराम मंदिर में अवंतिका नारीशक्ति तीर्थ क्लब ने किया पूजन, आरती

**उज्जैन।** अवंतिका नारीशक्ति तीर्थ क्लब के तत्वावधान में पानदरीबा स्थित अति प्राचीन भगवान परशुराम मंदिर में श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ विशेष आरती व पूजन का आयोजन किया गया। महिलाओं ने पूरे विधि-विधान से भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना कर समाज की उन्नति और सुख-समृद्धि की कामना की।

संस्था अध्यक्ष प्रियंका जोशी ने बताया कि यह मंदिर ढाई सौ से अधिक वर्ष पुराना है। यह एक विशेष आध्यात्मिक क्षेत्र है जहां साक्षात भगवान परशुराम अपने पूरे परिवार के साथ विराजित हैं। इस दिव्य स्थान पर भगवान परशुराम के साथ उनके पिता महर्षि जमदग्नि और माता रेणुका देवी की प्रतिमा भी स्थापित है। इसी कारण अक्षय तृतीया पर यहां दर्शन और पूजन का विशेष महत्व रहता है। मंदिर की मुख्य पुजारी समीक्षा अभिषेक शर्मा ने बताया कि दर्शन के लिए बड़ी संख्या में भक्त यहां आते हैं तथा मंदिर में भगवान परशुराम का हवन-पूजन और अभिषेक किया जाता है। इस विशेष आरती व पूजन में समाज की प्रमुख महिलाओं ने भागीदारी की। इनमें तीर्थ इकाई उपाध्यक्ष पूनम दुबे, शिक्षाविद एवं इकाई संरक्षक कीर्ति राजेश शर्मा, अवनि श्री उपाध्यक्ष प्रिया व्यास, समाजसेवी ज्योति व्यास, संस्था सचिव रक्षा पालीवाल सहित आयुषी दुबे, शेफाली जोशी और अवनी जोशी आदि उपस्थित थीं।

# विश्वमांगल्य सभा के बाल संस्कार शिविर में दिए गीता के उपदेश

### बच्चों ने सीखी लाठी-काठी चलाने की कला, मातृ पूजन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



विश्वमांगल्य सभा, मालवा प्रांत के तत्वावधान में उज्जैन शहर बाल संस्कार सभा द्वारा आयोजित आठ दिवसीय ग्रीष्मकालीन बाल संस्कार शिविर का सफलतापूर्वक समापन हो गया है। महानंदा नगर स्थित भारतीय ज्ञानपीठ हाई सेकेंडरी स्कूल में 11 से 18 अप्रैल तक चले इस शिविर में 5 से 15 वर्ष तक के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और संस्कृति, संस्कार के साथ-साथ आत्मरक्षा के गुर सीखे।

शिविर में शिक्षाविद डॉ. स्मिता भवालकर, डॉ. उमा परमार और संगीता सोनी ने बच्चों को खेल-खेल में गीता उपदेश का सार समझाया। प्रशिक्षण के दौरान बच्चों को प्रज्ञा विवर्धन स्तोत्र, हनुमान चालीसा, शिव तांडव स्तोत्र तथा महिषासुर मर्दिनी स्तोत्र का पाठ सिखाया गया। इसके अलावा खेलकूद और प्रश्नमंच जैसी अन्य रोचक गतिविधियां भी कराई गईं। बच्चों में आत्मनिर्भरता और साहस के गुण विकसित करने के लिए रिद्धिमा सिंह चौहान द्वारा विशेष रूप से लाठी-काठी युद्धकला का प्रशिक्षण दिया गया।

#### मातृ पूजन और लाठी प्रदर्शन रहा आकर्षण का केंद्र

समापन समारोह का मुख्य आकर्षण मातृ पूजन, गीत-नृत्य-नाटिका और बच्चों द्वारा किया गया लाठी प्रदर्शन रहा, जिसने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। शिविर के अंत में बच्चों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. उमा परमार उपस्थित रहीं। साथ ही पूर्व प्राचार्य खोलकुटे और मालवा प्रांत संयोजिका सुनीता पाटिल विशेष रूप से मौजूद थीं। मालवा प्रांत सदाचार सभा संयोजिका स्वाति भाटिया ने बाल गीत एवं मातृ पूजन संपन्न कराया। वहीं, मालवा प्रांत बाल सभा संयोजिका अनुराधा कुलकर्णी ने शिविर की जानकारी दी और शहर उपाध्यक्ष शिल्पा जोशी ने संगठन की गतिविधियों पर प्रकाश डाला।

#### नवीन दायित्वो की हुई घोषणा

इस अवसर पर शहर उपाध्यक्ष रमा वैद्य ने संगठन के नवीन पदों की घोषणा की। इसमें जयश्री शिम्पी और प्रियंका को बालसभा संयोजिका तथा वैशाली ब्रह्मे को सदाचार सभा सह संयोजिका (शिप्रा विहार) का पदभार सौंपा गया। अतिथियों का स्वागत शहर सदाचार सभा संयोजिका सुलभा काटे, माधुरी वेद, मंदा भांड, ब्रह्मा दीदी एवं परमार दीदी ने किया। कार्यक्रम का सफल संचालन वीणा मजूमदार ने किया तथा आभार शहर सचिव कल्पना शर्मा ने माना।

**जज्बा का 36 दिवसीय निःशुल्क समर कैंप शुरू, बच्चों को सिखाई जाएंगी चार विदेशी भाषाएं**

# विद्यार्थियों की छुपी हुई प्रतिभाओं को निखारता है समर कैंप

### जामिया इस्लामिया स्कूल में शुभारंभ, मार्शल आर्ट के साथ निखरेगी विद्यार्थियों की प्रतिभा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




छत्री चौक सब्जी मंडी स्थित जामिया इस्लामिया हायर सेकंडरी स्कूल में जज्बा संस्था द्वारा आयोजित निःशुल्क समर कैंप का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व रेलवे कमिश्नर हाजी नियाज मोहम्मद शेख ने कहा कि समर कैंप विद्यार्थियों की छुपी हुई प्रतिभाओं को निखारने का बेहतरीन माध्यम है। उन्होंने जज्बा की शैक्षणिक गतिविधियों की सराहना की।

विशेष अतिथि पूर्व जिला वक्फ बोर्ड अध्यक्ष एडवोकेट रशीद उद्दीन ने भी संस्था के प्रयासों की प्रशंसा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए इंजीनियर सरफराज कुरैशी ने इस निःशुल्क कैंप को पुराने शहर के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया। कार्यक्रम की शुरूआत बच्चों द्वारा कुरान की तिलावत और नात-ए-पाक से की गई। इस दौरान वरिष्ठ समाजसेवी फैज मोहम्मद, हाजी फहीम सिकंदर, हाजी इकबाल अहमद और शादाब लाला ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

आयोजन समिति के अनुसार, पूरे 36 दिन चलने वाले इस समर कैंप में बच्चों को अरबी, अंग्रेजी, फ्रेंच और स्पेनिश जैसी चार विदेशी भाषाओं का प्रारंभिक ज्ञान दिया जाएगा। कुडो और कराते का प्रशिक्षण प्रतिदिन लड़कों के लिए सुबह 8 से 9 बजे तक और लड़कियों के लिए सुबह 9 से 10 बजे तक रहेगा। इसके अलावा सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक स्पोकन इंग्लिश एवं अन्य कक्षाएं निरंतर संचालित होंगी।

कार्यक्रम में फैकल्टी मेंबर शाइस्ता परवीन, जहीर शेख, हाफिज तैयब, महजबीन खान के साथ ही रफीक कुरैशी, इकबाल उस्मानी, शासकीय स्कूल देवास के शिक्षक आदिल खान, समाजसेवी शबनम खान, इरफान उल्लाह, इरफान खान और शफीक खान सहित शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### सीएम आवास पर व्यापारियों का डेरा, मुख्यमंत्री ने दिया पुनर्विचार का आश्वासन

**उज्जैन।** अपनी दुकानों और मकानों को टूटने से बचाने के लिए इंदिरा नगर चौराहे से हरिफाटक तक के व्यापारी और रहवासी सोमवार सुबह 7 बजे ही मुख्यमंत्री आवास पहुंच गए। करीब एक घंटे के इंतजार के बाद प्रभावितों के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की।

इस प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से अजीत मंगलम, बंटू यादव, सुनील जैन, सफू भाई, जाहिद अली बंदूक वाला, श्याम यादव और हेमंत जैन शामिल रहे। प्रशासन द्वारा मकानों व दुकानों पर तोड़ने के लिए खींची गई लाल लकीरों से चिंतित इन लोगों ने अपनी व्यथा सीधे मुख्यमंत्री के सामने रखी।

# जीएसटी पोर्टल की तकनीकी समस्याओं से करदाता त्रस्त

### टैक्स प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन ने उज्जैन संभाग के अधिकारियों को बताई वास्तविक स्थिति, चालान न बनने और पोर्टल रुकने से कामकाज बाधित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतिम माह मार्च का जीएसटीआर थ्री-बी रिटर्न जमा करने में करदाताओं और कर सलाहकारों को भारी तकनीकी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। लगातार आ रही इन बाधाओं को देखते हुए टैक्स प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन ने शासन से अंतिम तिथि में तत्काल वृद्धि करने की मांग की है।

मार्च का रिटर्न पूरे वर्ष का अंतिम समायोजन होता है। इसके माध्यम से कर देयता का अंतिम निर्धारण और सरकार को राजस्व का भुगतान किया जाता है। कर विभाग द्वारा रिटर्न जमा करने के लिए निरंतर दबाव बनाया जा रहा है, लेकिन वास्तविक स्थिति यह है कि जीएसटी पोर्टल लगातार तकनीकी समस्याओं से जूझ रहा है। कर पेशेवरों का कहना है कि पोर्टल को शुरू हुए लगभग आठ वर्ष हो चुके हैं, इसके बावजूद हर महत्वपूर्ण तिथि पर यह प्रणाली विफल हो जाती है। वर्तमान में चालान जनरेट नहीं हो पा रहे हैं, जिससे कर भुगतान बाधित है। पोर्टल बार-बार रुक रहा है और लॉग-इन तथा सबमिशन में त्रुटियां आ रही हैं। रिटर्न सेव और फाइल करने में अत्यधिक समय लग रहा है। कई मामलों में डेटा स्वतः दर्ज नहीं हो रहा है, जिससे मिलान कार्य प्रभावित हो रहा है टैक्स प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन के सचिव प्रसून भवालकर ने उज्जैन संभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर जमीनी समस्याओं से अवगत कराया है। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट किया कि वर्तमान संकट करदाताओं की लापरवाही का परिणाम नहीं है, बल्कि यह पूरी तरह पोर्टल की तकनीकी विफलता है।

# पक्षियों के लिए जल पात्रों की व्यवस्था करना मनुष्य का कर्तव्यः अग्रवाल

### श्री अग्रवाल जेसीस ने अंकपात मार्ग पर किया जल पात्र वितरण, बेजुबानों की प्यास बुझाने के लिए बगीचों और छतों पर सकोरे रखने का आह्वान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



बढ़ते तापमान और भीषण गर्मी के बीच बेजुबान पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए श्री अग्रवाल जेसीस द्वारा अंकपात मार्ग पर जल पात्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में पक्षियों के लिए जल पात्र वितरित किए गए और समाजजनों से पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करने का आह्वान किया गया।

श्री अग्रवाल जेसीस के अध्यक्ष प्रतीक अग्रवाल ने कहा कि भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था करना हमारा प्राथमिक कर्तव्य है। पक्षी प्रकृति का संतुलन बनाने में विशेष सहायक होते हैं, इसलिए इस तपती धूप में उनके लिए नियमित रूप से जल पात्रों में पानी भरकर रखना चाहिए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए समाज के ट्रस्टी विजय अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए बगीचों, घरों की छतों, चौराहों और निर्जन स्थानों पर जल पात्र अनिवार्य रूप से रखे जाने चाहिए। इससे पक्षी आसानी से पानी पी सकेंगे और भीषण गर्मी में उनकी जान बच सकेगी। जल पात्र वितरण के इस पुनीत अवसर पर पूर्व ट्रस्टी जगदीश गोयल, समाजसेवी सरोज अग्रवाल, ट्रस्टी मधुर गर्ग, जगदीश अग्रवाल, नरेंद्र गुप्ता, तरुण अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, राजेश गुप्ता, राजेंद्र मित्तल, शकुंतला अग्रवाल, संध्या अग्रवाल, नीलम मित्तल, राजश्री अग्रवाल, रानी अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, योगेश गुप्ता, प्रिया मित्तल, टीना अग्रवाल, शर्मिला गुप्ता, रेखा गुप्ता, प्रिया अग्रवाल, अजीत मंगलम, अभिषेक बंसल, मनोज अग्रवाल, टीना बंसल, आयुष चौधरी, नवयुवक मंडल अध्यक्ष इंद्रेश अग्रवाल, और राजेश अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में समाज बंधु एवं मातृशक्ति उपस्थित थीं।

## खबर एक नजर...

### भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर चल समारोह निकला, प्रतिभाओं का सम्मान



मन्दसौर। अक्षय तृतीया के अवसर पर सकल ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में नगर में चल समारोह निकाला गया। राम टेकरी स्थित परशुराम वाटिका से महाआरती के पश्चात शुरू हुई इस शोभायात्रा में समाज के हर वर्ग की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं के गरबा नृत्य और ढोल-नगाड़ों की थाप ने पूरे मार्ग को भक्तिमय बना दिया। चल समारोह का मार्ग में विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक संगठनों द्वारा पुष्प वर्षा और जलपान के माध्यम से आत्मीय स्वागत किया गया। शोभायात्रा के समापन पर संजय उद्यान स्थित पं. मदनलाल जोशी सभागार में मंचीय कार्यक्रम आयोजित हुआ, जहाँ मुख्य वक्ता पं. दशरथ भाई शर्मा ने भगवान परशुराम के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें करुणा और न्याय का प्रतीक बताया। इस अवसर पर समाज की विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने वाली प्रतिभाओं और वरिष्ठ शिक्षाविदों का सम्मान भी किया गया। पशुपतिनाथ संस्कृत पाठशाला के आचार्य विष्णु ज्ञानी को उनकी निस्वार्थ शैक्षणिक सेवाओं के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में नन्हे बच्चों और युवाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### अक्षय तृतीया के उपलक्ष्य में रेलवे स्टेशन पर जल मंदिर का शुभारंभ

आलोट। भारत विकास परिषद द्वारा अक्षय तृतीया के उपलक्ष में रेलवे स्टेशन के सामने जल मंदिर का शुभारंभ किया गया जिसमें राहगीरों को ठंडे जल की व्यवस्था रहेगी प्याऊ का शुभारंभ आलोट विधायक चिंतामणि मालवीय एवं नागेश्वर तीर्थ पीढ़ी के सचिव धर्मचंद जैन द्वारा किया गया विधायक मालवीय एवं जैन द्वारा शुभारंभ अवसर पर भारत विकास परिषद के उक्त कार्य की सहारना की एवं कहा की भारत विकास परिषद इसी तरीके के सामाजिक एवं धार्मिक कार्य करते रहें । कार्यक्रम में भारत का परिषद के अध्यक्ष कमल गुप्ता सचिव मनीष फरक्या कोषाध्यक्ष आशीष काला अभिभाषक संघ के सहसचिव राजेश मंडवारिया सांसद प्रतिनिधि जितेंद्र काला युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष पुष्पराज सिंह सोलंकी अजात शत्रु सिंह परिहार पूर्व नगर परिषद सीएमओ अशोक शर्मा पंकज चौधरी रवि सेठिया कार्यक्रम का संचालन परिषद के संरक्षक निलेश जांगलवा एवं आभार परिषद के कमल गुप्ता ने माना।

### राज्य स्तरीय यूसीमास प्रतियोगिता के लिए मन्दसौर के 15 बच्चों का चयन

मन्दसौर। मास्टर फ्रेंचाइजी यूसीमास मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित होने वाली 21वीं राज्य स्तरीय यूसीमास प्रतियोगिता में इस वर्ष मन्दसौर जिले का प्रतिनिधित्व 15 प्रतिभावान बच्चे करेंगे। यह प्रतियोगिता आगामी 2 मई 2026 को इंदौर के अभय खेल प्रशाल में आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रदेशभर से लगभग 6500 विद्यार्थी अपनी दिमागी गणना कौशल का प्रदर्शन करेंगे। कोर्स इंस्ट्रक्टर नरेंद्र कुमार ने बताया कि चयनित विद्यार्थी पिछले दो माह से इस स्पर्धा के लिए कड़ा अभ्यास कर रहे हैं। मन्दसौर की टीम में दिविशा चंदवानी, साक्षी मेहता, वियाना मारू, एहमद रजा, छवि वागड़िया, देवेश माली, गर्वितसिंह जादौन, इशान वागड़िया, मितांश पाटीदार, वैदिकसिंह ठाकुर, रूद्रा दुबे, निर्पेश शर्मा, कुसुमेश चौहान, महिमा बाबानी और नेहान इस्लाम शामिल हैं। प्रतियोगिता के विजेताओं को 3 मई को इंदौर के रवींद्र नाट्य गृह में पुरस्कृत किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा।

### सत्येंद्र सक्सेना बने म प्र फार्मासिस्ट एसोसिएशन नीमच के जिलाध्यक्ष

नीमच। फार्मासिस्ट के अधिकारों के लिए कार्यरत प्रदेश और राष्ट्र स्तर पर सरोकार के साथ वर्षों से फार्मासिस्ट हितों के लिए फार्मा क्षेत्र में दूरदृष्टी और ईमानदार उद्देश्यों के साथ कार्य करने वाली संस्था मध्य प्रदेश फार्मासिस्ट एसोसिएशन के नीमच जिला अध्यक्ष पद पर फार्मासिस्ट सत्येंद्र कुमार सक्सेना को एमपीपीए प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश त्रिपाठी, सचिव दीपक मिश्रा, नीमच जिला प्रभारी एमपीपीए मंदसौर जिला अध्यक्ष मिथुन वाप्ता की अनुशंसा पर निर्विरोध नियुक्त किया है ।

# तीन बहनों के शादी समारोह की खुशियां मातम में बदली, डीजे बजाने को लेकर हुआ खूनी संघर्ष, एक की मौत, तीन घायल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम



जिले के ताल कस्बे में रविवार रात एक शादी समारोह में खुशी का माहौल उस समय मातम में बदल गया, जब डीजे बजाने को लेकर हुआ मामूली विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। घटना में एक युवक की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हालात इतने बिगड़ गए कि तीनों दुल्हनों के फेरे तक नहीं हो पाए और बारातें बिना दुल्हन के ही लौट गईं।

**तीन बेटियों की शादी, एक विवाद ने सब कुछ बिगाड़ा**

जानकारी के अनुसार ताल में एक परिवार की तीन बेटियों की शादी थी। अलग-अलग गांव– रूनीजा, बसाड़ और उनी से बारातें आई थीं। रात करीब साढ़े 9 बजे तीनों बारातों का जुलूस एक साथ आगे-पीछे चल रहा था। इसी दौरान बारातियों के साथ चल रहे बसाड़ और उणी के डीजे ऑपरेटरों में कॉम्पीटिशन शुरू हो गया। जब बारात धर्मशाला पहुंची और दूल्हे तोरण मार रहे थे, तभी दोनों डीजे ऑपरेटर एक-दूसरे से बहस करने लगे और माइक पर ही अपशब्द कहने लगे।बसाड़ से आई बारात के डीजे वाहन के ऑपरेटर माखन (निवासी मंदसौर) द्वारा माइक से गाली-गलौज की जा रही थी।मोहल्ले के दिलीप माली ने इसका विरोध किया, जिसके बाद विवाद तेजी से बढ़ गया।

झगड़ा बढ़ता देख दिलीप का भाई सुनील माली और मोहल्ले के समरथ बीच-बचाव करने पहुंचे, लेकिन आरोपियों ने उन पर भी हमला कर दिया। आरोप है कि माखन ने चाकू से दिलीप के पेट में वार किया, जबकि उसके साथी ने लोहे के पाइप से हमला किया, जिससे दिलीप गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना के बाद अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोग घायलों को तत्काल ताल स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां से दिलीप की हालत गंभीर होने पर उसे रतलाम मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया लेकिन रास्ते में ही दिलीप ने दम तोड़ दिया। सोमवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। एएसपी विवेक कुमार ने बताया कि ताल पुलिस ने मुख्य आरोपी माखन सहित 3-4 लोगों के खिलाफ हत्या सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। एक आरोपी को हिरासत में लिया गया है, जबकि अन्य की तलाश जारी है।

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर उमड़ा जनसैलाबः गंगा आरती की तर्ज पर हुई महाआरती

ब्रह्मास्त्र ▸▸ आलोट



सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा अपने आराध्य देव भगवान श्री परशुराम जी का जन्मोत्सव रविवार को हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शहर के प्रमुख मार्गों से एक विशाल वाहन रैली निकाली गई,

रैली में सबसे अधिक आकर्षण का केंद्र भगवा साफा बांधे और हाथों में भगवान परशुराम का प्रतीक 'फरसा' लिए वाहनों पर सवार बालिकाएं रहीं। बालिकाओं के इस साहसी स्वरूप ने मार्ग में मौजूद हर नागरिक का ध्यान खींचा। युवा शक्ति के गगनभेदी जयकारों से पूरा शहर गूंज उठा।

फायर शो के साथ महाआरती का अद्भुत संगम

जूना बाजार से शुरू हुई यह रैली शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए कारगिल चौराहे पहुंची। काशी की गंगा आरती की तर्ज पर भगवान परशुराम जी की महाआरती उतारी गई। आरती के दौरान विशेष फायर शो (अग्नि प्रदर्शन) आयोजित किया गया, जिसने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं, पुरुष और युवा उपस्थित रहे।

वाहन रैली का मार्ग में विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक संस्थाओं द्वारा आत्मीय स्वागत किया।

संचालन मोहक मेहता ने किया, वहीं कार्यक्रम के अंत में नितिन ठक्कर ने उपस्थित जनसमूह और सहयोगी संस्थाओं का आभार व्यक्त किया। रैली के दौरान पुलिस प्रशासन और समाज के स्वयंसेवकों ने यातायात व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



## जैन समाज की 100 से अधिक तपस्वियों का वार्षिक कब पूर्ण, बग्गियों में निकला वरघोड़ा

**नीमच ।** शहर सोमवार को पूरी तरह आध्यात्मिक रंग में रंग गया, जब सबसे अधिक वर्षीतप करने वाली तपसियों का शहर के प्रमुख मार्गो से वगोर्डा निकल गया। वही प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन आगामी 21 व 22 अप्रैल को होगा। श्री आदिनाथ जिनालय एवं जिन कुशल सूरी खरतरगच्छ ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित इस प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव ने शहर के धार्मिक माहौल को चरम पर पहुंचा दिया। इस विशेष अवसर पर 100 से अधिक वर्षीतप पूर्ण करने वाले तपस्वियों ने शोभायात्रा में भाग लिया। शोभा यात्रा शहर के मुख्य मार्गो से होकर निकली जिनके साथ परिजन व समाजजन ढोल नगाड़ों के साथ झूमती भाव विभव होकर अनुमोदना करते चल रहे थे द्य जो पुस्तक बाजार होकर जैन भवन पहुंचे द्य समाजजन व अतिथियों सहित आमंत्रितों का स्वामी वात्सल्य राठौर परिसर में संपन्न हुआ। इस तरह आज का दिन पारिवारिक परिस्थितियों में भी तपसियों सा आचरण कर शहर व क्षेत्र की 100 तपसियों ने धर्म का अनुसरण किया।

## जिला स्तरीय टेबल टेनिस स्पर्धा का समापन, वैभव जैन और हितांशी ग्रोवर ने जीते खिताब

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर



मन्दसौर जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह के साथ शानदार समापन हुआ।

इस प्रतियोगिता में वैभव जैन ने पुरुष वर्ग में और मनासा की हितांशी ग्रोवर ने बालिका सब-जूनियर वर्ग में अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला योजना समिति सदस्य अनिल कियावत और विशिष्ट अतिथि के रूप में नरेंद्र सिंह चौहान, वरिष्ठ पत्रकार प्रकाश सिसोदिया एवं भाजपा नेता विनय दुबेला उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के अन्य परिणामों में बालिका वर्ग में काशिका वेद और बालक वर्ग में शुभ राज पाठक, धीर जैन एवं प्रखर मंडवारिया ने अपने-अपने वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त किया। पुरुष डबल्स के कड़े मुकाबले में अनूप पोरवाल और मनीष पोरवाल की अनुभवी जोड़ी ने जीत दर्ज की। अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को शील्ड और प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास बल्कि मानसिक अनुशासन के लिए भी अनिवार्य है। एसोसिएशन के सचिव त्रिभुवन कवीश्वर ने बताया कि प्रतियोगिता के सफल संचालन में जिले के वरिष्ठ खिलाड़ियों और रेफरी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। अंत में सभी प्रतिभागियों को खेल भावना को प्रोत्साहित करने हेतु सहभागिता प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

## पुलिस ने घेराबंदी कर एक अंतरराज्यीय तस्कर को गिरफ्तार किया, 156 कि.ग्रा. डोडाचूरा जब्त

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर



जिले के नारायणगढ़ थाना पुलिस ने घेराबंदी कर एक अंतरराज्यीय तस्कर को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से 156 किग्रा अवैध डोडाचूरा और एक लग्जरी कार बरामद की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी भारत भाबर के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त और चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान मंदसौर-संजीत रोड स्थित काचरिया कदमाला चौपाटी के पास जय वीर हनुमान मंदिर के समीप पुलिस बल ने संदिग्ध वाहनों की जांच शुरू की। चेकिंग के दौरान एक महिन्द्रा एक्सयूवी 300 कार क्र. एमपी 18 सीए 8642 को रोककर जब उसकी तलाशी ली गई, तो कार के भीतर 8 प्लास्टिक के कट्टों में छुपाकर रखा गया कुल 156.5 किलोग्राम अवैध डोडाचूरा बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से आरोपी कार चालक सुखदेव (29) पिता किशनाराम विश्नोई निवासी रामदेव नगर गुजरवास खुर्द, थाना बनाड, जिला जोधपुर (राजस्थान) को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने आरोपी से उक्त कार, मोबाइल फोन और अन्य राज्यों की दो संदिग्ध नंबर प्लेटें भी जब्त की हैं। पुलिस को कार से महाराष्ट्र पासिंग की नंबर प्लेट नं. एमएच 12 वीजेड 3485 बरामद हुई है, जिससे अंदेशा है कि तस्कर पुलिस को चकमा देने के लिए फर्जी नंबरों का उपयोग कर रहा था।पुलिस आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

# वैशाख शुक्ल तृतीया को जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव द्वारा इक्षु रस से आहार कर मनाई अक्षय तृतीया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सनावद

वैशाख शुक्ल तृतीया को जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव (आदिनाथ) द्वारा राजा श्रेयांस के यहां प्रथम इक्षु रस का आहार लेने की स्मृति में अक्षय तृतीया पर्व श्रद्धा से मनाया गया।

प्रवक्ता सन्मति जैन काका ने बताया कि इस पावन अवसर पर प्रातः दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर, आदिनाथ छोटा मंदिर, सुपार्श्वनाथ जैन मंदिर,णमोकार धाम मंदिर एवं पोदनपुरम में धर्मावलंबियों द्वारा पंचामृत व जलाभिषेक किया गया। इसके पश्चात सामूहिक पूजन का आयोजन हुआ। इस अवसर पर आदिनाथ छोटा मंदिर जी मे समाजनों के द्वारा आदिनाथ मंडल विधान रचाया गया। तत्पश्चात बड़े मंदिर के समकक्ष महिला महासमिति के द्वारा आदिनाथ मुनि को पड़गाहन कर संध्या सुनील जैन के




निवास पर सभी समाजजनों के द्वारा शुद्ध इक्षु रस से आहार दान देकर आहार करवाया।मान्यता है कि भगवान ऋषभदेव ने एक वर्ष के उपवास के बाद हस्तिनापुर में राजा श्रेयांस से इक्षु रस का आहार ग्रहण किया था। उसी दिन से जैन धर्म में आहार दान की परम्परा शुरू हुई। इस दिन मुनि को आहार देने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है, इसलिए यह तिथि अक्षय तृतीया कहलाती है।

सभी को ज्ञात है की भगवान ऋषभनाथ ने ही विवाह-संस्था की शुरूआत की और प्रजा को पहले-पहले असि , मसि , कृषि , विद्या, शिल्प और वाणिज्य-व्यापार के लिए प्रेरित किया। इसके पूर्व तक प्रजा की सभी जरूरतों को क्लपवृक्ष पूरा करते थे। उनका सूत्र वाक्य था- 'कृषि करो या ऋषि बनो।'

ऋषभनाथ ने हजारों वर्षों तक सुखपूर्वक राज्य किया फिर राज्य को अपने पु?त्रों में विभाजित करके दिगम्बर तपस्वी बन गए। उनके साथ सैकड़ों लोगों ने भी उनका अनुसरण किया। जब कभी वे भिक्षा मांगने जाते, लोग उन्हें सोना, चांदी, हीरे, रत्न, आभूषण आदि देते थे, लेकिन भोजन कोई नहीं देता था।

इस प्रकार, उनके बहुत से अनुयायी भूख बर्दाश्त न कर सके और उन्होंने अपने अलग समूह बनाने प्रारंभ कर दिए। यह जैन धर्म में अनेक सम्प्रदायों की शुरूआत थी। अतः आदिनाथ को एक वर्ष तक भूखे रहना पड़ा। इसके बाद वे अपने पौत्र श्रेयांश के राज्य हस्तिनापुर पहुंचे। श्रेयांस ने उन्हें गन्ने का रस भेंट किया जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। वह दिन आज भी 'अक्षय तृतीया' के नाम से प्रसिद्ध है।

## सेवानिवृत्त हुए सह प्राध्यापक डॉ. गांगले को प्राध्यापक का पद नाम नहीं मिला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जावरा

प्रदेश का उच्च शिक्षा विभाग कितना उदासीन एवं लापरवाह हो गया कि अपने ही विभाग के सह प्राध्यापक करीब डेढ़ दशक से अधिक समय बीत जाने के उपरांत वह प्राध्यापक पद नाम बनने की बाँट जो रहे हैं ।सह प्राध्यापक ने उच्च शिक्षा विभाग को इन बीते वर्षों में कई मर्तबा आगह किया परंतु विभाग में बैठे मठाधीश के कानों मे जू नहीं रेंग रही। शासकीय गर्ल्स महाविद्यालय रतलाम से जुड़े अर्थशास्त्र विषय के सह प्राध्यापक पद से 2023 में सेवानिवृत हुए डॉक्टर मदन लाल गांगले को सेवानिवृत हुए 2 वर्ष से अधिक समय बीत चुका लेकिन इन्हें प्राध्यापक का पदनाम नहीं मिला जबकि 2016 में सभी आवश्यक पात्रताएं पूर्ण करने के बावजूद मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग इस मामले में अब तक उदासीन बना हुआ है।

डां गांगले बीते करीब 16 वर्षों से प्राध्यापक पद नाम की प्रतीक्षा कर रहे ।विभाग ने वरिष्ठता क्रम को ताक में रख दिए। विभाग ने प्राध्यापक पद नाम जूनियर को भी दे दिए। इससे विभाग का पक्षपात खुलेआम नजर आता है । शायद ऊपर किसी की लगाम नहीं है ?

डॉक्टर गांगले बताते हैं कि लंबे समय से शासन प्रशासन के समक्ष पदनाम के लिए आवेदन व निवेदन कई मर्तबा करने के बावजूद उन्हें अभी तक केवल सह प्राध्यापक के पद के अनुसार ही पेंशन मिल रही है। पद नाम न मिलने से न केवल उनकी पेंशन राशि प्रभावित हो रही बल्कि उन्हें उनके वास्तविक हक और सम्मान से भी वंचित किया जा रहा है।

## लूट के इरादे से की युवक की हत्या के तीन आरोपी गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ खरगोन

जिले के थाना बलवाड़ा क्षेत्र में नाचनमोर घाट पर युवक की हत्या के मामले को पुलिस ने सुलझा लिया है। इस प्रकरण में पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना 9-10 अप्रैल 2026 की दरमियानी रात की है, जब ओखला निवासी गोलू चौहान की हत्या कर शव को घाट के नीचे फेंक दिया गया था। 10 अप्रैल को भैरू मंदिर के पास शव मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।जांच के दौरान पुलिस ने साक्ष्य जुटाए, परिजनों से पूछताछ की और मुखबिरों की मदद से तीन संदिग्धों–छोटेलाल, राधाकृष्ण और नरेंद्र–को हिरासत में लिया। सख्ती से पूछताछ में तीनों ने हत्या करना कबूल किया। आरोपियों ने बताया कि शराब पीने के बाद उन्होंने लूट के इरादे से युवक पर हमला किया, लकड़ियों और डंडे से मारकर हत्या कर दी और शव को खाई में फेंक दिया। इसके बाद मोबाइल और नकदी लूट ली तथा मोटरसाइकिल को क्षतिग्रस्त कर नहर में फेंक दिया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर मोबाइल, हथियार और मोटर साइकिल के पाट्र्स बरामद कर लिए हैं।

### शीतल पेयजल उपलब्ध कराने हेतु लायंस क्लब द्वारा प्याऊ का शुभारंभ

**सनावद।** भीषण गर्मी में राहगीरों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के लिए लायंस क्लब सनावद स्नेह द्वारा प्याऊ की स्थापना की गई। लायंस क्लब की एलसीआईएफ डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर अनिता भागचंद जैन एवं लायन साथियों ने अक्षय तृतीया के शुभ मुहूर्त में सोमवार को बस स्टैंड के समीप माता मंदिर के पीछे प्याऊ का शुभारंभ किया। जैन ने कहा कि गर्मी के मौसम में राहगीरों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से शीतल जल के प्याऊ की स्थापना की गई है।

## अक्षय तृतीया पर्व पर बाल विवाह समझाइश देकर रुकवाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बुरहानपुर

बाल विवाह सामाजिक अपराध है। अक्षय तृतीया पर्व पर निर्देशित टीम द्वारा बाल विवाह समझाइश देकर रुकवाया गया। मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बुरहानपुर विधि सक्सेना एवं प्रेमदीप सांकला, व्यवहार न्यायाधीश सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिला व तहसील स्तर पर २ अलग-अलग टीमों का गठन किया गया। एक टीम द्वारा खकनार क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आयोजित विवाह समारोह का निरीक्षण किया गया जिसमें अनुपमा मुजाल्दे, जिला विधिक सहायता अधिकारी, पैरालीगल वॉलेंटियर्स महेंद्र जैन, डॉ. फौजिया सोडावाला, डॉ. किरणसिंह, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष विजयासिंह चौहान, समिति के सदस्य मोहन पंवार, मेघा भीड़े, सीमा आसीम पाटील, प्रभारी परियोजना अधिकारी मंदा मोरे के साथ-साथ क्षेत्र की सुपरवाइजर व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं पुलिस विभाग से एक महिला एवं पुरुष आरक्षक उपस्थित रहे। उक्त दस्ते द्वारा एक स्थल पर पंचनामा बनाकर समझाइश देकर बाल विवाह रुकवाया गया। इस अवसर पर खकनार क्षेत्र में बाल विवाह के संबंध में शपथ भी दिलवाई गई।

द्वितीय टीम द्वारा नेपानगर क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आयोजित विवाह समारोह का निरीक्षण किया गया। जिसमें पैरालीगल वॉलेंटियर्स लखनलाल लौवंशी, शहजाद अली, पुरुषोत्तम वानखेड़े, सुनील शिंदे, पुलिस विभाग से एक पुरुष व एक महिला आरक्षक उपस्थित रहे।

# बाजना क्षेत्र में तीन दिन पूर्व मिले शव की गुत्थी नहीं सुलझी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

जिले के बाजना थाना क्षेत्र स्थित डाबर गांव में तीन दिन पूर्व मिले ३५ वर्षीय युवक के शव के गुत्थी अनसुलझी बनी हुई है। पुलिस ने टीम ने रविवार को भी घटनास्थल पर जाकर एक बार फिर मौकै मुआयना किया। एसपी अमित कुमार व एफएसएल टीम भी पहुंची। सारे तथ्यों को देखा।

मृतक की पहचान डाबर गांव निवासी तेजा (35) पिता नाकू डोडियार के रूप में हुई थी। उसका



शव गांव के ही पहाड़ी और पथरीले इलाके में पड़ा मिला था। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मृतक के चेहरे और कान के पास से काफी खून बहा हुआ था और शरीर पर चोटों के निशान भी मिले थे। जिस तरह से शव मिला और चेहरे की स्थिति को देखकर अंदेशा जताया जा रहा है कि किसी ने उस पर जानलेवा हमला किया होगा है। शव के पास ही मृतक की बाइक भी मिली थी। हालांकि पुलिस अभी सारे बिंदुओं की तह तक जाने में जुटी है। रविवार को एसपी अमित कुमार, एफएसएल अधिकारी अतुल मित्तल घटना स्थल पर पहुंचे। एसपी ने जांच अधिकारियों से जानकारी ली। परिजनों से भी मृतक के बारे में जानकारी ली गई है। संभावना जताई जा रही है कि पुलिस जल्द घटनाक्रम का खुलासा कर सकती है।

### मन्दसौर में संघ के शताब्दी वर्ष पर आज विशेष आयोजन

मन्दसौर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आज 21 अप्रैल को स्थानीय श्री कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में एक भव्य और गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष बौद्धिक संगम में संघ के पूर्व सरकार्यवाह भैयाजी जोशी मुख्य वक्ता के रूप में सम्मिलित होंगे और राष्ट्र निर्माण सहित सामाजिक उत्तरदायित्वों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर पाथेय प्रदान करेंगे। कार्यक्रम की रूपरेखा को दो मुख्य सत्रों में विभाजित किया गया है। दोपहर के सत्र में मातृशक्ति गोष्ठी का आयोजन होगा, वहीं शाम के सत्र में समाज के प्रबुद्धजनों के साथ संवाद कार्यक्रम संपन्न होगा। इस आयोजन की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी प्रश्नोत्तर सत्र है, जिसके माध्यम से उपस्थित जनसमूह को मुख्य वक्ता से सीधा संवाद करने और अपनी जिज्ञासाओं का समाधान करने का अवसर प्राप्त होगा। इस कार्यक्रम में प्रवेश केवल आमंत्रित अतिथियों के लिए सुनिश्चित किया गया है।

### सड़क दुर्घटना में गंभीर घायल की उपचार के दौरान मौत

मन्दसौर। जिले के सीतामऊ थाना क्षेत्र के पेट्रोल पम्प के सामने आम रोड़ नाटाराम पर सड़क दुर्घटना में घायल की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। पुलिस ने इस प्रकरण में मोटर साइकिल क्र. एमपी 43 एमजी 8956 के अज्ञात चालक के विरूद्ध बीएनएस की धारा में प्रकरण दर्ज किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह हादसा 17 अप्रैल की रात करीब 10 बजे का है। पुलिस के अनुसार घटना दिनांक को आरोपी मोटरसाइकिल चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर सामने चल रही एक अन्य मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिससे गोपाल पिता मांगीलाल माली निवासी कयामपुर गंभीर घायल हो गया। जिसकी उपचार के दौरान मृत्यु हो गई।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से एक की मौत

**मन्दसौर।** जिले के नाहरगढ़ थाना क्षेत्र के पंचमुखी बालाजी मंदिर के पास जोधा पिपल्या बिल्लोद ग्राम पर अज्ञात चालक ने अपनी बाइक को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर धीरज को टक्कर मार दी जिससे उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अ नुसार यह दुर्घटना 9 अप्रैल की दोपहर की है। नाहरगढ़ थाना पुलिस ने मर्ग की जांच पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 106(1) में प्रकरण दर्ज किया।

### टायर फटने से कार दुर्घटना ग्रस्त 3 घायल

नीमच। जिले के शहर से मानसा जाने वाले रोड पर एक होंडा सिटी कर का ग्राम रेवली देवली में टायर फट गया और दुर्घटनाग्रस्त हो गई। नीमच रामपुरा मार्ग पर राजस्थान पासिंग कार का टायर फटने से तीन ग्रामीणो को टक्कर लगी साथ ही तीन दो पहिया वाहन भी क्षतिग्रस्त हुए सभी घायलों को नीमच रेफर किया गया।

### बाल विवाह को प्रशासन ने रुकवाया

नीमच। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा एवं जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव के निर्देशानुसार अक्षय तृतीया के अवसर पर संपूर्ण जिले में बाल विवाह रोकथाम हेतु विशेष निगरानी रखी जाकर सतत कार्यवाही की जा रही है। जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, सुश्री अंकिता पंड्या ने बताया कि एस.डी.एम. श्री संजीव साहू के मार्गदर्शन में ग्राम पीठ, विकासखंड नीमच में संयुक्त दल द्वारा स्थल पर पहुंचकर जांच की गई, जिसमें बड़ी बेटी की आयु 18 वर्ष से अधिक पाई गई, परंतु छोटी बेटी की आयु 16 वर्ष पाई गई।

### अफीम तोल व मार्फिन जांच की जा रही है किसान भाई भ्रमित ना हो : सांसद गुप्ता

**मन्दसौर।** किसानों द्वारा लाई जाने वाली अफीम की तौल और जांच प्रक्रिया में पारदर्शिता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से क्षेत्रीय सांसद सुधीर गुप्ता ने अफीम फैक्ट्री का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रशासनिक व नारकोटिक्स अधिकारियों के साथ फैक्ट्री में तौल परिक्षण सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सांसद गुप्ता ने भंडारण क्षेत्र में व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने अधिकारियों से रखरखाव की व्यवस्था जानी और सीधे कर्मचारियों व कंप्यूटर ऑपरेटरों के पास जाकर उनकी कार्यप्रणाली को देखा। उन्होंने कंप्यूटर स्क्रीन पर जांचा कि कैसे प्रत्येक कंटेनर का डेटा सिस्टम में दर्ज किया जा रहा है और पूरी प्रक्रिया को किस तरह से डिजिटल रूप से ट्रैक किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान सांसद गुप्ता ने उस नई पारदर्शी प्रणाली को भी परखा, जिसने जांच को पूरी तरह निष्पक्ष बना दिया है। इस व्यवस्था के तहत कंटेनर से किसान का नाम हटाकर सबसे पहले उस पर एक 'क्यूआर कोड' (त्तक्र घ्शस्त्रद्ग) लगाया जाता है। इसके बाद लैब में भेजने से पूर्व उसे 'माइक्रो कोड' में बदल दिया जाता है, जिससे जांच करने वाले किसी भी विशेषज्ञ को यह भनक नहीं लगती कि वह किस किसान की अफीम का परीक्षण कर रहा है। साथ ही उनके पास ऐसा कोई भी डिजिटल इंस्ट्रूमेंट नहीं है जिससे वो कोडिंग-डिकोडिंग कर सकें।



## एक दिन ने बदल दी किस्मत और बना दिया सुपरस्टार

बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान ने अपने करियर को लेकर एक दिलचस्प और भावुक खुलासा किया है, जो इस समय सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। अपनी आने वाली फिल्म एक दिन के प्रमोशन के दौरान आमिर खान ने बताया कि कैसे उनकी जिंदगी का एक दिन ऐसा था, जिसने उनके पूरे करियर की दिशा बदल दी। उन्होंने इस अनुभव को साझा करते हुए कहा कि कभी-कभी जिंदगी में एक छोटा सा दिन ही सबसे बड़ा मोड़ साबित हो जाता है।

आमिर खान प्रोडक्शंस द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में अभिनेता ने अपने शुरूआती संघर्ष के दिनों को याद किया। उन्होंने बताया कि एक समय ऐसा भी आया था जब उन्होंने एक नाटक में अपनी पूरी मेहनत और जुनून लगा दिया था, लेकिन अंत में वह मौका उनके हाथ से निकल गया। उस समय यह उनके लिए एक बड़ी असफलता जैसा लगा, जिसने उन्हें काफी निराश भी किया। हालांकि, बाद में वही दिन उनके जीवन का टर्निंग पॉइंट बन गया। आमिर खान ने कहा कि उस घटना के बाद ही उन्हें अपने करियर का पहला बड़ा मौका मिला, जिसने आगे चलकर उन्हें एक नई पहचान दिलाई। उन्होंने इस अनुभव से यह सीख साझा की कि जिंदगी में हर हार के पीछे एक नया अवसर छिपा होता है, जिसे पहचानना जरूरी है। उनका मानना है कि कई बार जो चीजें हमें उस वक्त नुकसान जैसी लगती हैं, वही आगे चलकर हमारे लिए सबसे बड़ा फायदा साबित होती हैं। इस वीडियो को साझा करते हुए मेकर्स ने दर्शकों से भी अपील की है कि वे अपने जीवन के उस खास दिन को साझा करें, जिसने उनकी जिंदगी बदल दी हो।

### बॉडी शेमिंग के लिए पैपराजी पर भड़कीं एक्ट्रेस पत्रलेखा

# कहा- अभी बच्चे को जन्म दिया है, दयालु बनना सीखें



**वजन बढ़ने को लेकर दिया जवाब**

एक्ट्रेस और प्रोड्यूसर पत्रलेखा बॉडी शेमिंग को लेकर पैपराजी पर भड़क गईं। दरअसल, एक पैपराजी पेज ने पत्रलेखा का वीडियो शेयर करते हुए उनके बढ़े हुए वजन पर संवेदनहीन कमेंट किया था। इस पर पत्रलेखा ने जवाब देते हुए कहा कि उन्होंने अभी एक बच्चे को जन्म दिया है और उनके शरीर में आए बदलाव एक नेचुरल प्रक्रिया का हिस्सा हैं।

कैप्शन देख भड़कीं एक्ट्रेस पूरा मामला तब शुरू हुआ जब एक पैपराजी पेज ने पत्रलेखा का एक वीडियो पोस्ट किया। वीडियो में पत्रलेखा अपनी कार से उतर रही थीं और उनके पीछे पति राजकुमार राव भी नजर आ रहे थे। इस वीडियो के साथ कैप्शन लिखा गया था, इन्हें क्या हो गया है? इस कैप्शन के जरिए पत्रलेखा के पोस्टपार्टम लुक यानी डिलीवरी के बाद बढ़े वजन की ओर इशारा किया गया था।

'मैंने पहाड़ जितना खाना नहीं खाया' पत्रलेखा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर इस कमेंट की कड़ी आलोचना की। उन्होंने लिखा, मुझे क्या हुआ है? बात यह है कि मैंने अभी एक बच्चे को जन्म दिया है! हां, मेरा वजन बढ़ गया है, जो आप सभी को शायद कोई अस्वाभाविक बात लग रही है।


पत्रलेखा ने आगे कहा कि उन्होंने बैठकर कोई पहाड़ जितना खाना नहीं खाया है। यह उनकी प्रेग्नेंसी के प्रति उनके शरीर का स्वाभाविक रिएक्शन है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे दूसरों के प्रति थोड़े दयालु बनना सीखें।

प्रोड्यूसर के तौर पर दो फिल्में भी पूरी कीं एक्ट्रेस ने अपनी प्रोफेशनल जिम्मेदारियों का जिक्र करते हुए बताया कि डिलीवरी के बाद वे न केवल अपनी सेहत का ध्यान रख रही हैं, बल्कि काम भी कर रही हैं। उन्होंने लिखा, मैंने सिर्फ एक बच्चे को जन्म ही नहीं दिया, बल्कि एक साथ दो फिल्मों का प्रोडक्शन भी संभाला है, जो आसान काम नहीं है। अगर मेरे हाथ में होता, तो मैं ऐसी नहीं दिखती, लेकिन मेरा शरीर इस तरह रिएक्ट कर रहा है।

नवंबर 2025 में बनी थीं मां राजकुमार राव और पत्रलेखा ने 15 नवंबर, 2025 को अपने पहले बच्चे, एक बेटी का स्वागत किया था। उन्होंने अपनी बेटी का नाम राजकुमार की दिवंगत मां के नाम पर 'पार्वती पॉल राव' रखा है। पत्रलेखा से पहले नेहा धूपिया, दीपिका पादुकोण, आलिया भट्ट और ऐश्वर्या राय जैसे सेलेब्स भी पोस्टपार्टम वेट और बॉडी शेमिंग को लेकर अपनी आवाज उठा चुके हैं।



सिटी लाइट्स से शुरू हुई थी लव स्टोरी राजकुमार और पत्रलेखा की पहली मुलाकात साल 2014 में फिल्म 'सिटी लाइट्स' के दौरान हुई थी। कई सालों तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद, राजकुमार ने अक्टूबर 2021 में पत्रलेखा को प्रपोज किया था। नवंबर 2021 में दोनों ने चंडीगढ़ में एक प्राइवेट सेरेमनी में शादी की थी।



## विद्युत जामवाल की हॉलीवुड फिल्म स्ट्रीट फाइटर का ट्रेलर रिलीज

**इंटेंस और डार्क रोल में नजर आए एक्टर 16 अक्टूबर को फिल्म रिलीज होगी**

पैरामाउंट पिक्चर्स की फिल्म स्ट्रीट फाइटर का ट्रेलर गुरुवार को रिलीज कर दिया। फिल्म में नोआ सेंटिनियो, जेसन मोमोआ और एंड्रयू कोजी मुख्य भूमिकाओं में हैं। खास बात यह है कि इसमें बॉलीवुड एक्टर विद्युत जामवाल धाल्सिम के रोल में नजर आएंगे। फिल्म 16 अक्टूबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

इस फिल्म से विद्युत हॉलीवुड में डेब्यू कर रहे हैं। ट्रेलर में विद्युत पूरी तरह बाल्ड लुक में दिखाई दे रहे हैं। उनके शरीर पर बने टैटू और रग्ड स्टाइलिंग दिख रही है। इसके साथ ही उनका लीन और मस्कुलर फिजीक धाल्सिम के योगा-आधारित फाइटिंग स्टाइल को बखूबी दर्शाता है। ट्रेलर में धाल्सिम का किरदार पारंपरिक शांत योगी की इमेज से थोड़ा अलग नजर आ रहा है। विद्युत की इंटेंस आंखें और खतरनाक एक्सप्रेशन उनके किरदार को एक डार्क और पावरफुल ट्विस्ट देते हैं। ट्रेलर में फिल्म के एक्शन और फाइट सीक्वेंस की झलक दिखाई गई है। फिल्म को 1993 की पृष्ठभूमि में सेट किया गया है, जहां र्यू और केन मास्टर्स फिर से एक बड़े मुकाबले में उतरते हैं। कहानी में चुन-ली उन्हें वर्ल्ड वॉरियर टूर्नामेंट के लिए तैयार करती है। इस टूर्नामेंट के पीछे एक साजिश छिपी है, जो दोनों को आमने-सामने खड़ा करती है और उनके अतीत से जुड़ी चुनौतियों को सामने लाती है।

# चिराग संग रोमांस होता तो हमारे बच्चे होते: कंगना


## कहा- वे सिर्फ मेरे दोस्त हैं, अगर कुछ होना होता, तो अब तक हो चुका होता

एक्ट्रेस और सांसद कंगना रनोट ने केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के साथ अपने रिश्तों को पर खुल कर बात की है। उन्होंने साफ किया है कि उनके और चिराग के बीच कोई रोमांटिक एंगल नहीं है।

अठक को दिए इंटरव्यू में कंगना से चिराग पासवान के साथ उनके कथित अफेयर को लेकर सवाल पूछा गया। इस पर मुस्कुराते हुए कंगना ने कहा, नहीं, चिराग सिर्फ मेरे एक बहुत अच्छे दोस्त हैं। जब भी मैं उनके बारे में सोचती हूं, मुझे उनमें सिर्फ एक दोस्त ही नजर आता है।

कहा- रोमांस होता तो बच्चे हो गए होते बातचीत के दौरान कंगना ने बेहद बेबाक और मजाकिया अंदाज अपनाया। उन्होंने कहा, हमने करीब 10 साल पहले एक फिल्म साथ की थी। अगर हमारे बीच वाकई कुछ होना होता, तो अब तक हमारे बच्चे हो चुके होते। कंगना ने आगे कहा कि अगर रोमांस होना होता, तो अब तक हो चुका होता।







फिल्म 'मिले ना मिले हम' से शुरू हुई दोस्ती कंगना और चिराग पासवान के बीच की बॉन्डिंग काफी पुरानी है। साल 2011 में आई फिल्म 'मिले ना मिले हम' से चिराग पासवान ने बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इस फिल्म में कंगना रनौत उनकी लीड एक्ट्रेस थीं। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर तो खास कमाल नहीं कर पाई, लेकिन यहीं से दोनों की दोस्ती की शुरूआत हुई।

आज दोनों राजनीति के मैदान में सक्रिय हैं और अक्सर संसद में एक-दूसरे के साथ हंसते-मुस्कुराते नजर आते हैं।

'इमरजेंसी' के बाद 'क्वीन 2' की तैयारी कंगना की हालिया रिलीज फिल्म 'इमरजेंसी' थी, जिसमें उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का किरदार निभाया था। इस फिल्म का निर्देशन भी उन्होंने खुद ही किया था। आने वाले समय में कंगना अपनी फ्रेंचाइजी की अगली कड़ियों 'क्वीन 2' और 'तनु वेड्स मनु 3' में नजर आएंगी। वहीं, चिराग पासवान अब फिल्म इंडस्ट्री छोड़कर पूरी तरह से राजनीति और अपने मंत्रालय की जिम्मेदारियों में व्यस्त हैं।



### मुंबई ने गुजरात टाइटंस को 99 रन से हराया, बुमराह को पहली बॉल पर विकेट, रबाडा ने सूर्या को बोल्ड किया

# तिलक का 45 गेंद में शतक, जयसूर्या की बराबरी की

ब्रह्मास्त्र ›› अहमदाबाद




मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2026 के 30वें मैच में गुजरात टाइटंस को 99 रन से हरा दिया। अहमदाबाद में तिलक वर्मा ने 45 गेंदों में शतक लगाकर सनथ जयसूर्या के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। यह इस सीजन की सबसे तेज सेंचुरी भी रही। जसप्रीत बुमराह ने पहली ही गेंद पर विकेट लिया।

**तिलक वर्मा का 45 बॉल पर शतक–** मुंबई इंडियंस के लिए आईपीएल में सबसे तेज शतक के मामले में तिलक वर्मा ने सनथ जयसूर्या की बराबरी की। दोनों ने 45-45 गेंदों में शतक जड़ा। इस लिस्ट में कैमरन ग्रीन (47 गेंद) और सूर्यकुमार यादव (49 गेंद) भी हैं। तिलक गुजरात के खिलाफ मुंबई के लिए शतक लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने। उनसे पहले सूर्यकुमार यादव ने 2023 में वानखेड़े में नाबाद 103 रन बनाए थे। तिलक ने इस सीजन की फास्टेस्ट सेंचुरी भी लगाई। चेन्नई के संजू सैमसन ने 52 और मुंबई के क्विंटन डी कॉक ने 53 बॉल पर शतक लगाया था।

**मुंबई की चौथी सबसे बड़ी जीत–** मुंबई इंडियंस ने 99 रन से जीत दर्ज करते हुए आईपीएल इतिहास में अपनी चौथी सबसे बड़ी जीत हासिल की। टीम की सबसे बड़ी जीत 2017 में दिल्ली डेयरडेविल्स के खिलाफ 146 रन से आई थी।

**दानिश और कृष का टी-20 डेब्यू–** मुंबई इंडियंस के लिए दो नए खिलाड़ियों ने डेब्यू किया। दानिश मलेवार ने पहला मुकाबला खेला, वहीं हाल ही में सपोर्ट बॉलर के रूप में शामिल कृष भगत को भी प्लेइंग इलेवन में जगह मिली। दोनों ने इससे पहले कोई टी-20 मैच नहीं खेला था, यानी यह उनके प्रोफेशनल टी-20 करियर का पहला मैच रहा।

**रबाडा ने अपनी ही बॉल पर लपका डी कॉक का कैच–** चौथे ओवर में कगिसो रबाडा ने क्विंटन डी कॉक को कॉट एंड बोल्ड किया। रबाडा ने करीब 150 की रफ्तार से शॉर्ट बॉल फेंकी। डी कॉक शॉट मारने में संतुलन खो बैठे। बॉल टॉप एज लेकर हवा में गई और रबाडा ने खुद कैच लपक लिया।

**रबाडा की 152 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार पर सूर्या क्लीन बोल्ड–** छठे ओवर में रबाडा ने सूर्यकुमार यादव को क्लीन बोल्ड किया। रबाडा ने 152.1 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से बॉल फेंकी, जो पिच होकर अंदर आई। सूर्या ड्राइव के प्रयास में पेस से चकमा खा गए और बॉल स्टंप्स से टकरा गई।

**आखिरी बॉल पर चौके से तिलक का शतक–** 20वें ओवर की आखिरी बॉल पर तिलक वर्मा ने चौका जड़कर आईपीएल में पहला शतक पूरा किया। प्रसिद्ध कृष्णा ने धीमी और शॉर्ट बॉल फेंकी। तिलक ने डीप स्क्वायर लेग में गैप ढूंढकर चौका लगाया।

**बुमराह ने साई सुदर्शन को कैच कराया–** जसप्रीत बुमराह ने पहली ही बॉल पर विकेट लिया। उन्होंने गुजरात के इन-फॉर्म बल्लेबाज साई सुदर्शन को कृष्ण भगत के हाथों कैच आउट कराया। बुमराह ने फुल लेंथ बॉल फेंकी जो बाहर निकली।

सुदर्शन ने बिना पैरों के मूवमेंट के कवर्स के ऊपर से स्लाइस करने की कोशिश की, लेकिन गेंद बल्ले के निचले हिस्से पर लगकर कवर-पॉइंट पर खड़े फील्डर के पास गई। बुमराह को आईपीएल में 146 गेंदों के इंतजार के बाद यह सफलता मिली। इस सीजन में 114 गेंदों के बाद यह उनका पहला विकेट था। सुदर्शन बिना खाता खोले पवेलियन लौटे।

**सैंटनर और अश्विनी को एक ओवर में 2-2 विकेट–** 8वें ओवर में मिचेल सैंटनर ने दो विकेट झटके। उन्होंने ओवर की दूसरी बॉल पर वॉशिंगटन सुंदर (26) को नमन धीर के हाथों कैच कराया, और फिर चौथी बॉल पर ग्लेन फिलिप्स (6) का अपनी ही गेंद पर शानदार कैच लपका। वहीं, 13वें ओवर में अपना सीजन का पहला मैच खेल रहे अश्विनी कुमार ने भी दो विकेट चटकाए। दूसरी बॉल पर उन्होंने राशिद खान (4) को राज बावा के हाथों कैच कराया। इसके बाद आखिरी बॉल पर शाहरुख खान स्लोअर बॉल पर नमन धीर को कैच थमा बैठे।

### हैदराबाद और दिल्ली के बीच मुकाबला आज

# जीत की हैट्रिक लगाने उतरेगी सनराइजर्स



ब्रह्मास्त्र ›› हैदराबाद

आईपीएल 2026 में मंगलवार को सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स आमने-सामने होंगे। हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में मैच शाम 7:30 बजे से खेला जाएगा।

पॉइंट्स टेबल में दोनों ही टीमें 6-6 अंकों के साथ बराबरी पर हैं, हालांकि बेहतर रन रेट के कारण हैदराबाद चौथे स्थान पर है। दिल्ली चौथी जीत की तलाश में हैं। हैदराबाद की टीम अपने घर में जीत की हैट्रिक लगाने के इरादे से उतरेगी।

अब तक दोनों टीमों के बीच 26 मैच खेले गए हैं। इसमें एसआरएच ने 13 और डीसी ने 11 मैच जीते हैं। जबकि एक मैच टाई रहा। इसे दिल्ली ने जीता। जबकि एक मैच बेनतीजा रहा।

**पैट कमिंस की कमी खलेगी, युवा गेंदबाजों ने संभाली कमान–** सनराइजर्स हैदराबाद के लिए सबसे बड़ी चिंता कप्तान पैट कमिंस की अनुपलब्धता है। कमिंस स्क्वॉड के साथ जुड़ तो गए हैं, लेकिन इस मैच के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। उनकी जगह ईशान किशन टीम की कप्तानी संभाल रहे हैं। कमिंस की गैरमौजूदगी में टीम की गेंदबाजी यूनिट कमजोर नजर आ रही थी, लेकिन पिछले दो मैचों में प्रफुल्ल हिंगे, साकिब हुसैन और शिवांग कुमार जैसे युवा खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। ईशान मलिंगा ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ डेथ ओवरों में बेहतरीन बॉलिंग कर टीम को जीत दिलाने में मुख्य भूमिका निभाई थी। हैदराबाद की ओर से ईशान मलिंगा टॉप विकेट टेकर हैं। उन्होंने अब तक खेले 6 मैचों में 8 विकेट ले चुके हैं।

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी
द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन,
पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन,
महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे
कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154









### नए टैरिफ और जांच पर होगी चर्चा

## अमेरिका का दौरा करेगा भारतीय प्रतिनिधिमंडल



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते की वार्ता एक बार फिर गति पकड़ने जा रही है। इन वार्ताओं को आगे बढ़ाने के लिए एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल 20 से 22 अप्रैल 2026 के बीच अमेरिका का दौरा करेगा। आइए इस बारे में विस्तार से जानें।

भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) की बातचीत एक बार फिर से रफ्तार पकड़ने जा रही है। दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने और द्विपक्षीय वाताओं को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल आगामी 20 से 22 अप्रैल 2026 तक अमेरिका का दौरा करेगा। हाल ही में अमेरिका द्वारा लगाए गए नए आयात शुल्क (टैरिफ) और व्यापारिक जांच से जुड़े घटनाक्रमों के बीच इस आगामी बैठक को व्यापार जगत के लिए काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

**अंतरिम समझौते और टैरिफ में मिली छूट-** इस साल की शुरूआत में दोनों देशों के बीच व्यापारिक मोर्चे पर कई बड़े फैसले देखने को मिले हैं। 2 फरवरी 2026 को भारत और अमेरिका के बीच एक अंतरिम व्यापार समझौते की आधिकारिक घोषणा की गई थी। इसके कुछ ही दिनों बाद, 7 फरवरी 2026 को दोनों देशों ने इस विषय पर एक संयुक्त बयान भी जारी किया था। इस दिशा में सकारात्मक कदम उठाते हुए, अमेरिका ने 7 फरवरी को 25 प्रतिशत के अतिरिक्त यथामूल्य टैरिफ को हटा लिया था, जो कि भारतीय व्यापार के लिए एक बड़ी राहत थी। इसके अतिरिक्त, 20 फरवरी 2026 को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के एक अहम फैसले ने पारस्परिक टैरिफ को पूरी तरह से अमान्य कर दिया। हालांकि, इस फैसले के तहत धारा 232 वाले टैरिफ और इससे जुड़ी छूट पहले की तरह ही जारी रहेंगी।

### वित्तीय वर्ष 2025-26 में भारत का वस्तु एवं सेवा निर्यात 4.22 प्रतिशत बढ़कर 860 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया

# पश्चिम एशिया संकट और आपकी जेब



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

कैसे पश्चिम एशिया संकट और भारत-ब्रिटेन एफटीए, आपकी जेब और देश के व्यापार को प्रभावित कर रहा है? आइए आसान भाषा में समझते हैं, महंगाई के मोर्चे पर देश में क्या चल रहा है?

पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव का असर अब भारत के अंतरराष्ट्रीय व्यापार और आम आदमी की जेब पर साफ दिखने लगा है। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2025-26 में भारत का वस्तु एवं सेवा निर्यात 4.22 प्रतिशत बढ़कर 860 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया है, लेकिन मार्च महीने में इसमें गिरावट दर्ज की गई है। आइए, पांच आसान सवालों और जवाबों के माध्यम से समझते हैं कि इन नए व्यापार आंकड़ों और वैश्विक संकट का आपकी जिंदगी और देश की अर्थव्यवस्था पर क्या असर पड़ रहा है।

**सवाल: देश में अचानक थोक महंगाई क्यों बढ़ गई है?**

**जवाब:** सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, मार्च महीने में थोक मूल्य मुद्रास्फीति लगातार पांचवें महीने बढ़कर 3.88 प्रतिशत पर पहुंच गई है, जो फरवरी में 2.13 प्रतिशत थी। इस महंगाई के बढ़ने की मुख्य वजह कच्चे पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस, बुनियादी धातुओं और विनिर्मित (मैन्युफैक्चर्ड) वस्तुओं की कीमतों में हुई भारी वृद्धि है। विनिर्मित उत्पादों की महंगाई दर भी फरवरी के 2.92 प्रतिशत से बढ़कर मार्च में 3.39 प्रतिशत हो गई है।

**सवाल: इन सब चीजों के दाम अचानक क्यों बढ़ने लगे?**

**जवाब:** इसके पीछे सबसे बड़ा कारण पश्चिम एशिया में चल रहा संकट है। 28 फरवरी को अमेरिका और इस्राइल द्वारा ईरान पर किए गए हमले के बाद पूरी दुनिया में कच्चे तेल की सप्लाई पर असर पड़ा है। देखते ही देखते कच्चे तेल के दाम लगभग 70 डॉलर प्रति बैरल से उछलकर 122 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गए, यानी एक महीने से भी कम समय में कीमतों में लगभग 75 प्रतिशत का भारी उछाल आया। इसी अंतरराष्ट्रीय संकट के कारण भारत में मार्च के दौरान कच्चे पेट्रोलियम की थोक महंगाई दर पिछले महीने के 1.29 प्रतिशत से छलांग लगाकर सीधे 51.57 प्रतिशत हो गई।

**सवाल: कच्चे तेल के दाम इतने बढ़े, तो क्या हमारे लिए पेट्रोल-डीजल भी महंगे हुए?**

**जवाब:** आम जनता की जेब पर इस अंतरराष्ट्रीय संकट का सीधा असर न पड़े, इसके लिए सरकार ने बीच में ही राहत भरा कदम उठा लिया। 26 मार्च को सरकार ने पेट्रोल और डीजल दोनों पर लगने वाले उत्पाद शुल्क (एक्साइज ड्यूटी) में 10 रुपये प्रति लीटर की कटौती कर दी। सरकार ने यह फैसला इसलिए लिया ताकि तेल कंपनियां कच्चे तेल की बढ़ी हुई कीमत आम उपभोक्ताओं से न वसूलें।

**सवाल: क्या इस संकट से रोजमर्रा के खाने-पीने के सामान और सब्जियों पर भी असर पड़ा है?**

**जवाब:** थोक स्तर पर देखें तो खाने-पीने के मामले में थोड़ी राहत मिली है। थोक बाजार में खाद्य पदार्थों की महंगाई दर फरवरी के 2.19 प्रतिशत से घटकर मार्च में 1.90 प्रतिशत पर आ गई है। सब्जियों की महंगाई दर में भी बड़ी गिरावट आई है और यह फरवरी के 4.73 प्रतिशत से घटकर मार्च में 1.45 प्रतिशत रह गई है।

**सवाल: लेकिन क्या आम आदमी को बाजार में सामान खरीदते वक्त यह राहत मिल रही है?**

**जवाब:** थोक बाजार में भले ही कुछ चीजों के दाम घटे हों, लेकिन आम आदमी जिस कीमत पर सामान खरीदता है (खुदरा मुद्रास्फीति या सीपीआई), उसमें थोड़ी बढ़ोतरी हुई है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित खुदरा महंगाई मार्च में बढ़कर 3.4 प्रतिशत हो गई है, जो फरवरी में 3.21 प्रतिशत थी। यह बढ़ोतरी मुख्य रूप से कुछ चुनिंदा खाने-पीने की चीजों के महंगे होने के कारण हुई है।

**सवाल: क्या इस महंगाई से मेरे बैंक लोन या ईएमआई पर कोई असर पड़ेगा?**

**जवाब:** भारतीय रिजर्व बैंक बैंकों की लोन और ब्याज दरें तय करने के लिए मुख्य रूप से खुदरा महंगाई (सीपीआई) पर ही नजर रखता है। खुदरा महंगाई के वर्तमान हालात को काबू में देखते हुए, आरबीआई ने इस महीने की शुरूआत में अपनी मौद्रिक नीति में ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। इसलिए, फिलहाल आपकी ईएमआई पर इसका कोई नया असर नहीं पड़ा है।

**सवाल: अर्थव्यवस्था और व्यापार के मोर्चे पर आगे की क्या उम्मीद है?**

**जवाब:** पश्चिम एशिया की चुनौतियों के बीच व्यापार जगत के लिए एक सकारात्मक खबर भी है। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने व्यापार आंकड़ों की जानकारी देते हुए पत्रकारों को बताया कि भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) मई महीने में लागू हो सकता है। इससे आने वाले समय में अंतरराष्ट्रीय व्यापार को नई गति मिलने की संभावना है। वर्तमान स्थिति से स्पष्ट है कि पश्चिम एशिया के संकट ने मार्च में भारत के निर्यात और आयात दोनों को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। हालांकि, पेट्रोल-डीजल पर टैक्स कटौती जैसी घरेलू राहतें और मई में संभावित भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौता (एफटीए) भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए आगे के रास्ते को मजबूत बना सकते हैं।

### भारत में गोल्ड लोन के पोर्टफोलियो में 3.8 गुना उछाल आया

# रिटेल कर्ज में बना दूसरा सबसे बड़ा सेक्टर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

जानिए भारत में गोल्ड लोन के पोर्टफोलियो में 3.8 गुना उछाल आया है। इस बारे में ट्रांस यूनियन सिबिल ने एक रिपोर्ट प्रकाशित की है। रिपोर्ट में क्या है, आइए विस्तार से जानते हैं।

भारत में गोल्ड लोन अब केवल आपातकालीन नकदी का विकल्प नहीं रह गया है, बल्कि यह मुख्यधारा के सुरक्षित ऋण (सिक्योर्ड क्रेडिट) के रूप में एक मजबूत पहचान बना चुका है। ट्रांसयूनियन सिबिल द्वारा अप्रैल 2026 में जारी अपनी पहली 'गोल्ड लोन लैंडस्केप रिपोर्ट' में यह खुलासा किया गया है कि मार्च 2022 से दिसंबर 2025 के बीच भारत के गोल्ड लोन पोर्टफोलियो में 3.8 गुना की शानदार वृद्धि दर्ज की गई है। इस तेज उछाल के साथ, रिटेल क्रेडिट पोर्टफोलियो में गोल्ड लोन की हिस्सेदारी 11.1% पर पहुंच गई है, जो अब केवल होम लोन के बाद दूसरे स्थान पर है।

**टिकट साइज और कर्ज सीमा में ऐतिहासिक वृद्धि-** सिबिल के आंकड़ों के अनुसार, कर्ज लेने वालों की



प्राथमिकताओं में बड़ा बदलाव आया है। गोल्ड लोन का औसत टिकट साइज 90,000 रुपये से दोगुना से भी अधिक होकर करीब दो लाख रुपये पर पहुंच गया है। वहीं, प्रति उधारकर्ता औसत बकाया राशि 1.9 लाख रुपये से बढ़कर 3.1 लाख रुपये हो गई है। इस शानदार ग्रोथ को गति देने में मुख्य रूप से गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों यानी एनबीएफसी (8.9 गुना की वृद्धि) और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (3.8 गुना की वृद्धि) का योगदान रहा है।

**महिला उधारकर्ताओं की संख्या बढ़ रही-** रिपोर्ट में ग्राहक जनसांख्यिकी में एक महत्वपूर्ण संरचनात्मक बदलाव दर्ज किया गया है:

- **प्राइम ग्राहकों में बढ़ोतरी:** क्रेडिट के मोर्चे पर मजबूत माने जाने वाले प्राइम और एबव प्राइम ग्राहकों की हिस्सेदारी 43% से बढ़कर लगभग 52% हो गई है। वहीं, 'न्यू टू क्रेडिट' (एनटीसी) यानी पहली बार कर्ज लेने वालों की संख्या 12% से घटकर मात्र 6% रह गई है।
- **महिला उधारकर्ताओं की अहम भूमिका:** गोल्ड लोन बाजार के विस्तार में महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ी है। साल 2025 में, कुल गोल्ड लोन मूल्य का 40% हिस्सा महिलाओं द्वारा लिया गया है।
- **भौगोलिक विस्तार:** यद्यपि दक्षिण भारतीय राज्य अभी भी बाजार का बड़ा हिस्सा रखते हैं, लेकिन उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश और गुजरात जैसे राज्यों में गोल्ड लोन सोर्सिंग में सबसे तेज वृद्धि देखी जा रही है।

**बाजार के लिए जोखिम और स्ट्रेस सिग्नल-** इस जोरदार वृद्धि के साथ-साथ सिबिल ने क्रेडिट बाजार में उभर रहे कुछ जोखिमों की ओर भी ध्यान आकर्षित किया है। ग्राहकों द्वारा एक साथ कई गोल्ड लोन लेने की प्रवृत्ति बढ़ी है। रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 की सोर्सिंग में 54% ग्राहक ऐसे हैं, जिनका गोल्ड लोन एक्सपोजर 2.5 लाख रुपये से अधिक है। इसके अलावा, जिन ग्राहकों के वॉलेट का 100% हिस्सा सिर्फ गोल्ड लोन है, उनमें डिफॉल्ट की दर 9 गुना तक अधिक पाई गई है। रिपोर्ट यह भी बताती है कि डिफॉल्ट इतिहास (90+ डीपीडी) वाले स्ट्रेस्ड ग्राहकों का एक्टिव लोन क्लोजर रेट अन्य की तुलना में 1.6 गुना अधिक है।

**आरबीआई के नए नियम और एलटीवी सीमाएं-** इस बढ़ते जोखिम को नियंत्रित करने के लिए 2025-26 के नए आरबीआई निर्देशों के तहत टियर-आधारित एलटीवी सीमाएं लागू की गई हैं:

2.5 लाख रुपये तक के छोटे लोन पर 85% एलटीवी की अनुमति है।

2.5 लाख से 5 लाख रुपये के बीच के लोन पर यह सीमा 80% रखी गई है।

### 2029 तक वैश्विक कर्ज पहुंचेगा खतरनाक स्तर पर

# भारत के लिए क्या संकेत?

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

आईएमएफ प्रमुख क्रिस्टालिना जॉजीर्वा ने वैश्विक कर्ज और अर्थव्यवस्था पर गंभीर चेतावनी दी है। जानिए 2029 तक सार्वजनिक ऋण के जीडीपी के 100% पहुंचने के अनुमान और भारत पर इसके असर की पूरी बिजनेस रिपोर्ट।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉजीर्वा ने वैश्विक अर्थव्यवस्था और बढ़ते कर्ज को लेकर एक गंभीर चेतावनी जारी की है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि बार-बार आ रहे वैश्विक झटकों के कारण दुनिया भर में सार्वजनिक कर्ज खतरनाक स्तर पर पहुंच रहा है। जॉजीर्वा के अनुसार, दुनिया भर में बढ़ते वित्तीय दबावों के बीच अनुमान है कि वर्ष 2029 तक वैश्विक सार्वजनिक ऋण जीडीपी के 100% को पार कर जाएगा। यह द्वितीय विश्व युद्ध के बाद ऋण का सबसे उच्चतम स्तर होगा। इसके साथ ही, मौजूदा संकट के बीच 20 से 50 अरब डॉलर की नई वैश्विक वित्तीय मांग पैदा होने की संभावना है।

## भारत और आसियान के लिए राहत के संकेत

वैश्विक स्तर पर मंडराते इस कर्ज संकट और भू-राजनीतिक तनाव के बीच, आईएमएफ प्रमुख ने भारत की स्थिति को लेकर सकारात्मक संकेत दिए हैं। इस संबंध में मुख्य बिंदु निम्नलिखित हैं:

- **भारत की मजबूत स्थिति:** जॉजीर्वा के अनुसार, भारत जैसी मजबूत बुनियादी अर्थव्यवस्थाओं के इस संकट के बीच बेहतर प्रदर्शन करने की पूरी संभावना है।
- **मंदी का जोखिम नहीं:** उन्होंने स्पष्ट किया है कि भारत में किसी भी प्रकार की तीव्र आर्थिक मंदी का कोई खतरा नहीं दिखाई देता है।
- **निगरानी की आवश्यकता:** हालांकि भारत सुरक्षित स्थिति में है, लेकिन जॉजीर्वा ने भारतीय वित्तीय क्षेत्र को अर्थव्यवस्था के लिए एक 'प्रमुख निगरानी बिंदु' (मॉनिटरिंग पॉइंट) बताया है, जिस पर नजर बनाए रखने की जरूरत है।
- **आसियान का प्रदर्शन:** भारत के अलावा, आसियान देश भी वैश्विक झटके को अपेक्षाकृत काफी अच्छी तरह से झेल रहे हैं।

# ज्वालामुखी : पृथ्वी का सुरक्षा वाल्व

## ज्वालामुखी के प्रकार – सक्रियता के आधार पर

### सक्रिय ज्वालामुखी

जो वर्तमान में फट रहे हैं या अक्सर फटते रहते हैं।

उदाहरण: माउंट एटना (इटली), बैरन द्वीप।

### प्रसुप्त ज्वालामुखी


जो लंबे समय से नहीं फटे लेकिन भविष्य में फट सकते हैं।

उदाहरण: माउंट विसुवियस (इटली), फुजीयामा (जापान)।

### मृत / शांत ज्वालामुखी

जिनमें हजारों वर्षों से कोई विस्फोट नहीं हुआ।

उदाहरण: माउंट किलिमंजारो, पोपा।




## प्रतियोगी परीक्षा के लिए महत्वपूर्ण तथ्य

- विश्व के अधिकांश ज्वालामुखी प्रशांत महासागर के "Ring of Fire" क्षेत्र में हैं
- सबसे ऊँचा सक्रिय ज्वालामुखी ओजोस डेल सालाडो
- सौरमंडल का सबसे बड़ा ज्वालामुखी ओलिम्पस मॉन्स (मंगल ग्रह)
- ज्वालामुखी से निकलने वाली गैसों में सबसे अधिक जलवाष्प
- ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप में सक्रिय ज्वालामुखी नहीं

**भारत का एकमात्र सक्रिय ज्वालामुखी कहाँ स्थित है?**

# भारतीय बनें, भारतीय खरीदें, भारतीय संस्कृति पर गर्व करें।

| वस्तु | स्वदेशी उत्पाद - प्रयोग करें | बहुराष्ट्रीय कंपनियों के उत्पाद बहिष्कार करें |
|---|---|---|
| नहाने का साबुन | गोदरेज, संतूर, निरमा, मैसूर सैंडल, विप्रो-शिकाकाई, मेडिमिक्स, सिंथाल, नीमा | लक्स, लिरिल, लाईफबॉय, पियर्स, रेक्सोना, डॅव, पॉन्डस, पामोलिव, जान्सन, डेटॉल, एमवे |
| कपड़े व फर्श धोने का साबुन | स्वस्तिक, ससा, प्लस, निरमा, विमल, हीपोलिन, डेट, फेना, उजाला, इजी, घड़ी, जेंटिल, आरती, दो कैंची, स्वराज, वैगस | व्हील, एरियल, सर्फ एक्सल, रिन, विमबार, रॉबिन ब्लू |
| सौंदर्य प्रसाधन औषधि | पार्क एवेन्यु, सिंथॉल, संतूर, इमामी, बोरोप्लस, तुलसी, वीको टर्मरिक, हेयर एण्ड केयर, हिमानी, पेराशूट, डाबर, झंडू, सांडू, बैद्यनाथ, हिमालय, बारोलीन, बजाज सेवाश्रम, मूव, क्रेक क्रीम, अयूर | जॉनसन, पाण्ड्स, ओल्ड स्पाईस, फेयर एण्ड लवली, मेडीकेयर, नायसिल, लिरिल, लेक्मे, पेन्टीन, हेड एण्ड शोल्डर, एमवे, क्लीनिक |
| टुथपेस्ट दंतमंजन टुथब्रश | बबूल, प्रॉमिस, विको, एंकर, डाबर, मिसवाक, अजंता, बैद्यनाथ, इमामी, हिमालय, दंतकांति | कोलगेट, सिबाका, क्लोजअप, पैप्सोडेंट, ओरल-बी, एमवे, सैन्सोडाईन |
| शेविंग साबुन ब्लेड्स | गोदरेज, इमामी, सुपर, सुपरमैक्स, वी-जॉन, टोपाज, पार्क एवेन्यू | निविया, ओल्ड स्पाईस, जिलेट, सेवेन-ओ-क्लाक |
| बिस्किट, चाकलेट, दुग्ध उत्पाद, ब्रेड | बेकमेन, मोनेंको, क्रेकजैक, शालीमार, पैरी, रावलगांव, क्लासिक, अमूल, न्यूट्रामूल, सफल, वेरका, सागर, प्रिया गोल्ड, न्यूट्रीन, वीटा, मदर डेरी, क्रीमिका, राजा, सनफीस्ट, पार्ले, फर्निटियर, महालक्ष्मी, हल्दीराम, बिकानो | ब्रिटानिया, टाईगर, मैरी, नैसले, कैडबरी, बोर्नव्हिटा, हार्लिक्स, बूस्ट, किसान, मैगी, कॉम्प्लान, मिल्कफूड |
| चाय-कॉफी | टाटा टी, आसाम टी, डंकन, ब्रह्मपुत्र, टिपस, तेज, टाटा कॅफे, टाटा-टेटली, वाघ-बकरी, आर्गेनिक, इन्डिया | ब्रुक बाण्ड, ताजमहल, रेड-लैबल, लिप्टन, ग्रीन लेवल, नेसकैफे, नेस्ले, ब्रू |
| शीतपेय, चटनी, आचार, मुरब्बा | एनर्जी, कैपोकोला, जम्पिन, फ्रुटी, डाबर, रसना, हमदर्द, रूह-आफजा, हल्दीराम, गोकुल, बीकानेर, प्रिया, अशोक, मदर्स, रियल जूस | लेहर, पेप्सी, सेवन-अप, मिरींडा, कोका-कोला, सोडा, लिम्का, थम्स-अप, फैन्टा, स्प्राईट |
| पीने का पानी | बैली, नेचुरल, रेल नीर | ॲक्वाफिना, किन्ले, फोस्टर्स |
| आईस्क्रीम | दिनशॉ, वाडीलाल, अमूल, हिमालय, निरूला, मदर डेयरी, हैव मोर, वेरका, वीटा, क्रीमबेल, प्रीतम बादशाह | कैडबरी, क्वालिटी वॉल्स, बास्कीन-राबिन्स, कॉरनेट्टो |
| खाद्यतेल, खाद्य पदार्थ | सनफलावर, मारुति, पोस्टमैन, धारा, गिन्नी, स्वीकार, सनड्राप, रथ, पैराशूट, अशोक, सफोला, गगन, अमृत, वनस्पति, रामदेव, एम.डी.एच., एवरेस्ट, डाबर, लिज्जत, शक्तिभोग आटा, टाटा नमक, एम.टी.आर., हल्दीराम, बिकानों, महालक्ष्मी | डालडा, लिप्टन, अन्नपूर्णा नमक, आटा और मैगी, किसान, ब्रुक बाण्ड, पिल्सबरी आटा, कैप्टन कुक नमक और आटा, अंकल चिप्स, लेज, लेहर |
| विद्युत उपकरण गृहोपयोगी वस्तु | विडियोकॉन, बी.पी.एल., ओनिड़ा, सलोरा, टी-सीरीज, वेस्टर्न, टी.सी.एल., गोदरेज, बजाज, ऊषा, पोलर, ऐंकर, सूर्या, ओरिएन्ट, क्रॉम्प्टन, लायड्स, ब्लूस्टार, वोल्टास, खेतान, एवरड्डी, जिप, नोविनो, सुमित, हॉकिन्स, प्रेस्टीज, महाराजा, प्रेशर कुक्कर, सुजाता मिक्सी | फिलिप्स, सोनी, निप्पो, शार्प, व्हर्लपूल, सेमसंग, नैशनल-पैनासोनिक, तोशिबा, एलजी, हिताची, सानसूई, केनवुड, टपरवेयर, ओमेगा, टाइमैक्स, पायोनियर |
| घड़ियां | टाईटन, अजंता, एचएमटी, मैक्सिमा, फास्ट्रैक | ओमैगा, टाईमेक्स, राडो, टीसोट, गेस, माट ब्लैक |
| लेखन सामग्री | विल्सन, कैम्लिन, रोटोमैक, सेलो, स्टिक, मोंटेक्स, कैमल, स्टिक, अप्सरा, लिंक, बिल्ट, चौहान पेपर्स | पार्कर, पायलट, फैबर-कैसेल, लक्जर, कोरस |
| जूते, चप्पल, पॉलिश | लखानी, लिबर्टी, एक्शन, पैरागॉन, करोना, रिलैक्सो, रेड-टेप, किवी शू पॉलिश, वुडलैंड | प्यूमा, पॉवर, चेरी-ब्लॉसम, एड्डिास, रिबॉक, नाइकी, लीकूपर, गैसोलीन, बाटा |
| तैयार कपड़े | स्पाईकर, डयूक, मफतलाल, न्यूपोर्ट, किलर, फ्लाईंग मशीन, जोडिएक, डेनिम, प्रोलीन, टीटी, लक्स, अमूल, वीआईपी, रूपा, रेमण्ड, ग्रासिम, पार्क एवेन्यू, अल्टिमो, मोन्टी कार्लो, | ली, पीटर इंग्लैंड, ऐरो, लोकास्टे, व्हॅन हुसेन, लुई फिलिप, लेविस, पेपे जीन्स, रैंगलर, बेनेटोन, रीड एण्ड टेलर, एलन सोली, यूएस पोलो। |

**उपरोक्त के अतिरिक्त सभी स्थानीय, लघु-कुटीर उद्योग द्वारा निर्मित उत्पाद**

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...





## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

## वर्ग पहेली

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | ■ | 3 | | | 4 |
| 5 | | ■ | 6 | | | ■ | ■ | |
| | ■ | 7 | | ■ | 8 | 9 | ■ | |
| 10 | 11 | | | | ■ | 12 | 13 | |
| ■ | | ■ | | ■ | 14 | ■ | | ■ |
| 15 | | 16 | ■ | 17 | | 18 | | 19 |
| | ■ | 20 | 21 | ■ | 22 | | ■ | |
| | ■ | ■ | 23 | | | ■ | 24 | |
| 25 | | | | ■ | 26 | | | ■ |

### बाएं से दाएं

1. कंठ, गला-3
3. पक्षियों का शोर-4
5. शारीरिक ऊंचाई-2
6. पाचन शक्ति-3
7. मां की माता-2
8. प्यार, प्रेम (अंग्रेजी-2)
10. रचना करने वाला-5
12. शोरबा, तरी-3
15. खाद्य सामग्री-3
17. दोनों हाथों को पीटना-5
20. भाग्य (अंग्रेजी-2)
22. कदली, एक फल-2
23. उपासना, शीश झुकाना-3
24. घ्राणेन्द्रिय, नासिका-2
25. तहखाना-4
26. दया-3

### ऊपर से नीचे

1. मर्यादा, सीमा-2
2. कहानी लिखने वाला-5
3. अचरज भरा कार्य-3
4. वर, इच्छित वस्तु देना-4
5. जलजला-3
7. मां के पिता-2
9. चिकनाई-2
11. हशीश, एक प्रकार का मादक पदार्थ-3
13. बोलने का तरीका-3
14. तमीजवाला-5
15. परंपरा, रिवाज-4
16. राजनीतिक पार्टी-2
18. आफत, मुसीबत-2
19. नाट्य, कथा मंचन-3
21. कमी-3
24. संबोधन-2

### पिछले वर्ग पहेली का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | अ | च | र | ज | ■ | गु | रु | कि |
| ख | ख | ■ | म | हि | मा | ■ | ■ | ना |
| र | न | र | ■ | न | व | जी | व | न |
| ■ | क | म | ला | ■ | ब | ■ | ■ | शौ |
| य | ■ | ला | ल | ■ | ला | ल | ■ | क |
| मो | ■ | ■ | मा | ■ | ना | र | द | ■ |
| कर | न | ध | र | ज | ■ | ह | र | ण |
| म | ■ | ■ | ना | का | रा | ■ | क | ल |
| ना | ट | क | ■ | म | ह | क | ना | ■ |

## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 100 | | 4 | | 2 | | 30 | = | 20 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 30 | | 2 | | 2 | | 20 | = | 50 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 50 | | 25 | | 5 | | 2 | = | 60 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 2 | | 20 | | 3 | | 4 | = | 23 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 10 | | 11 | | 15 | | 16 | = | 22 / 33 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मी | श | कु | मा | र | अ | फ | न | प | श |
| न | ला | क | प | ई | ठे | र्जु | शि | या | इ | म |
| अ | दा | म | ला | र | ग | न | द | द | प | वि |
| प्र | ग | ल | न | च | दू | सिं | प | या | लि | ला |
| त | ण | अ | सौं | थी | जा | ह | कि | नि | ला | श |
| आ | इ | व | मो | य | आ | व | त | धि | लू | पा |
| ग | जी | ल | मु | व | प | जा | न | मा | प्र | स |
| र | रि | भा | र | ख | प | स | द | र | सा | वा |
| क | म | ल | ना | ध | र्जी | ज | जी | न | द | न |
| न | ट | व | र | सिं | ह | रा | र | अ | प | श |
| य | शि | या | जी | पा | टि | ल | ता | प | क | र |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | | | | 1 | |
| 1 | 30 | 2 | 37 | 6 | 31 | |
| | 1 | 6 | | | 2 | |
| 6 | 37 | 3 | 34 | 1 | 25 | 5 |
| | 7 | | 6 | | 2 | |
| | 33 | 4 | 32 | 4 | 30 | 2 |
| | 3 | | 4 | | 6 | |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## जोक्स

गोलू- जल्दी से एक गिलास जूस दो, लड़ाई होने वाली है
एक गिलास जूस पीने के बाद
गोलू- एक गिलास और जूस दो, लड़ाई होने वाली है
जूसवाला- लड़ाई कब होगी?
गोलू- जब तुम पैसे मांगोगे....

0000000000

पिता (बेटे से)- मम्मी कहां गई है तेरी?
बेटा- प्राकृतिक रचना छेड़छाड़ केंद्र
पिता- ये कोई सत्संग का नया सेंटर है क्या?
बेटा- अरे पापा ब्यूटी पार्लर....

0000000000

लड़का- चैटिंग किसे कहते हैं?
लड़की- पता नहीं, तुम ही बताओ
लड़का- जो एक दूसरे का थोबड़ा देखे बिना ही एक दूसरे को पकाते हैं, आधुनिक समाज में उसे ही चैटिंग कहते हैं...

0000000000

लड़की अपने बॉयफ्रेंड को अपनी मम्मी से मिलवाने ले गई
गर्लफ्रेंड- मेरी मम्मी को तुम बहुत पसंद आए
बॉयफ्रेंड- चल पगली कुछ भी हो, मैं शादी तो तुमसे ही करूंगा मम्मी से बोलना मुझे भूल जाएं....

0000000000

टीचर- खुशी का कोई ठिकाना ना रहा, का वाक्य प्रयोग कीजिए
मयंक- एक लड़की थी, उसका नाम खुशी था खुशी रात दिन बॉयफ्रेंड से चैट करती थी इस बात से तंग आकर घरवालों ने उसे घर से निकाल दिया बॉयफ्रेंड ने भी नहीं अपनाया अब खुशी का कोई ठिकाना ना रहा.....

## रंग भरकर चित्र बनाओ




अष्टावक्र गीता:
आत्म-साक्षात्कार के 4 मुख्य सूत्र
1. आप शरीर नहीं, "साक्षी चैतन्य" हैं।
आप पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु या आकाश नहीं हैं; आप इन सबके साक्षी और निराकार आत्मा हैं।
2. संसार "रस्सी में सर्प" की तरह एक भ्रम है।
जैसे अज्ञानवश रस्सी सांप दिखाई देती है, वैसे ही आत्मज्ञान के बिना यह नश्वर संसार सत्य प्रतीत होता है।
मुख्य सार:
आप स्वयं को शरीर से अलग करके चेतना (आत्मा) में विश्राम करें, तो तत्काल सुखी और मुक्त हो जाएंगे।
आत्मज्ञान
साक्षी चैतन्य
3. "मैं कर्ता हूँ" के अहंकार का त्याग करें।
अहंकार रूपी महासर्प के प्रभाव से बचें और विश्वास करें कि आप शुद्ध ज्ञान स्वरूप हैं।
4. मन की "आसक्ति" ही बंधन है।
जब मन किसी दृश्य वस्तु की इच्छा, शोक या ग्रहण नहीं करता, तभी वह वास्तविक मुक्ति की अवस्था में होता है।
शोक
अहंकार रूपी महासर्प
इच्छा
ग्रहण
मैं कर्ता हूँ
वास्तविक मुक्ति

■ वर्ष-12 अंक-167 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, मंगलवासरः 21 अप्रैल, 2026

### सुभाषितानि

ज्ञानवानेन सुखवान् ज्ञानवानेव जीवति।
ज्ञानवानेव बलवान् तस्मात् ज्ञानमयो भव।।

**भावार्थ** : ज्ञानी सुखी होता है, और ज्ञान हिंदी में मतलब (मीनिंग) होता है, जो ज्ञानी है, इसलिए तुम बुद्धिमान हो जाते हो।

सुखार्थिनः कुतोविद्या नास्ति विद्यार्थिनः सुखम्।
सुखार्थी वा त्यजेद् विद्यां विद्यार्थी वा त्यजेत् सुखम्।।

**भावार्थ** : सुख की इच्छा हो तो दुःख न हो तो ज्ञान कहाँ से प्राप्त होता है? और विद्यार्थी को सुख कहाँ से मिलता है? जो सुख चाहता है उसे सीखने की आशा छोड़ देनी चाहिए और विद्यार्थी सुख भोगता है।

## सम्पादकीयम्

### संकटस्य सम्मुखीभवनम्

यदि किञ्चित् अपि वातालापस्य अवसरः उत्पद्यते तर्हि तत्सम्बद्धाः सर्वे पक्षाः हस्तद्वयेन गृह्णीयुः। अस्य संकटस्य एकः एव समाधानः अस्ति - संवादः। यदि ट्रम्पः स्वपक्षतः आक्रमणानि न्यूनीकरोति तर्हि वातार्यां मार्गं प्रशस्तं कर्तुं शक्नोति। पश्चिम एशियायाः अन्यराष्ट्राणि अपि अस्मिन् क्रमे स्वस्वभूमिकां निर्वहन्तु। मृदुकरण तेल मूल्य विश्वस्य शान्ति-आकांक्षायाः विस्तारः अस्मिन् तथ्ये स्पष्टः यत्-ट्रम्पः पूर्णतया युद्धविरामस्य घोषणां न कृतवान् चेदपि-कच्चे तैलस्य मूल्येषु ९% न्यूनता अभवत् विद्युत्संस्थानानि न लक्ष्यं कर्तुं तस्य घोषणा-यद्यपि एकपक्षीयः भवेत्-तथा महत्त्वपूर्णा अस्ति यत् एतेन द्वन्द्वस्य अधिकं वर्धनस्य जोखिमः किञ्चित् न्यूनीकृतः। यदि इरान्-देशस्य विद्युत्-संस्थानानि नष्टानि भवेयुः तर्हि प्रतिकारात्मक-प्रति-आक्रमणानां परिणामेण भवितुं शक्नुवन्तः क्षतिः विनाशकारी भविष्यति। संकटस्य सम्मुखीभवनम्ः अमेरिका, इजरायल्, इरान् च सम्मिलितः द्वन्द्वः अपूर्वपरिस्थितयः सृजति। सोमवासरे प्रधानमन्त्री नरेन्द्रमोदी संसदे स्वीकृतवान् यत् देशस्य सम्मुखे महती आव्हाना वर्तते। सः अवदत् यत्, कोविड्-१९-महामारी-काले एताद्दशस्य आव्हानस्य सफलतया सम्मुखीभवनं कृत्वा अधुना अस्माभिः समानरूपेण सज्जाः एव तिष्ठितव्याः। एषा स्वीकृतिः सकारात्मकं सोपानम् अस्ति; ननु कस्यापि संकटस्य निवारणे प्रथमः चरणः तस्य अस्तित्वं स्वीकुर्वितुं भवति। इदानीं सर्वकारेण स्पष्टतया वक्तव्यं यत् राष्ट्रं कथं एतस्य आव्हानस्य सामना कर्तुं इच्छति।

### पीएम मोदी अग्रिमदिने तस्य उद्घाटनं कर्तुं निश्चितः आसीत्

## राजस्थानः 79,450 कोटिरूप्यकाणां शोधनालये विशालः अग्निः प्रज्वलितः



ब्रह्मास्त्र ›› जयपुर

प्रधानमन्त्री नरेन्द्रमोदीः शोधनालयस्य उद्घाटनस्य कार्यक्रमात् केवलं २४ घण्टापूर्वं राजस्थाने अग्निघटना अभवत्। अस्मिन् सुविधायां अग्निप्रकोपानन्तरं कृष्णधूमस्य विशालाः मेघाः आकाशे प्रवहन्ति स्म।

एकस्याः प्रतिवेदनस्य अनुसारं शोधनालयस्य इति विभागे अग्निः उत्पन्नः। अधिकारिणः वदन्ति यत्, अधुना यावत्, कस्यापि क्षतिः इति सूचनाः नास्ति। इदानीं सामाजिकमाध्यमेषु अस्य घटनायाः भिडियो वायरल् भवन्ति। अनेके जनाः प्रश्नं कुर्वन्ति यत् एतत् आधिकारिकप्रमादस्य परिणामः आसीत् वा स्वाभाविकघटना आसीत् वा इति।

शोधनालयात् उच्चाः अपेक्षाः बालोत्रानगरस्य पचपद्रा इत्यत्र स्थितम् अयं शोधनालयः भारतस्य प्रथमः ग्रीनफील्ड् एकीकृतशोधनालयः-सह-पेट्रोकेमिकलसङ्कुलः इति रूपेण स्थितः अस्ति। हिन्दुस्तानपेट्रोलियमकार्पोरेशनलिमिटेड् तथा राजस्थानसर्वकारयोः संयुक्तोद्यमः अस्ति। अस्य शोधनालयस्य विषये जनसमूहः महतीं अपेक्षां धारयति। एतेषु अपेक्षासु अग्रणी अस्ति यत् आयातेषु निर्भरतां न्यूनीकृत्य, आन्तरिक-उत्पादन-क्षमतां वर्धयित्वा भारतस्य ऊर्जा-सुरक्षां सुदृढां कर्तुं महती भूमिकां निर्वहति ’सोनिया गान्धी इत्यनेन २०१३ तमे वर्षे शिलान्यासः कृतः अस्य शोधनालयस्य आधारशिला मूलतः २०१३ तमस्य वर्षस्य सितम्ब-’मासस्य २२ दिनाङ्के राज्ये अशोकगहलोत-नेतृत्वेन सर्वकारस्य कार्यकाले सोनिया गान्धी इत्यनेन स्थापितः। अस्य प्रारम्भिकः अनुमानितः व्ययः ३७,२३० कोटिः आसीत्। शासनपरिवर्तनस्य अनन्तरं पीएम मोदी इत्यनेन २०१८ तमस्य वर्षस्य जनवरी-मासस्य १६ दिनाङ्के परियोजनायाः पुनः आरम्भः कृतः, तदनन्तरं परियोजनायाः व्ययः ४३,१२९ कोटिरूप्यकाणां कृते संशोधितः डाउनस्ट्रीम पेट्रोकेमिकल उत्पादों का अपेक्षित उत्पादन ईंधनस्य उत्पादनस्य अतिरिक्तं अस्मिन् शोधनालये अधःप्रवाहस्य पेट्रोकेमिकल-उत्पादानाम् अपि बृहत् परिमाणेन उत्पादनं भविष्यति इति अपेक्षा अस्ति। एते उत्पादाः क्षेत्रे स्थापितानां भविष्यत् औद्योगिक-एककानां कृते उच्चगुणवत्तायुक्त-कच्चामालरूपेण कार्यं करिष्यन्ति।

### १६० मुस्लिमबालानां

## पुनः बिहारं प्रेषणम् जीआरपी तान् जबलपुर-कटनी-नगरयोः

### बाल-संरक्षण-गृहेषु स्थापयति स्म

ब्रह्मास्त्र ›› जबलपुर

अप्रैल-मासस्य १५ दिनाङ्के कटनी-स्थानके-पश्चिममध्यरेलवे-जबलपुर-विभागस्य भागे-बिहारस्य अररियातः विभिन्नमद्रसाभ्यः (लातुर्-नान्डेड्-नगरयोः सहितं) परिवहनं क्रियमाणानां बालकानां मानवव्यापारस्य आरोपानाम् मध्यं अवरोहणं कृतम् ततः परं ते कटनी-जबलपुर-नगरयोः बाल-संरक्षण-गृहेषु स्थापिताः सन्ति। अस्य समूहस्य त्रयः बालकाः पूर्वमेव बिहारं प्रति प्रेषिताः सन्ति। बिहारस्य अररियानगरे अद्यापि प्रशासनात् १५ बालकानां सामाजिकानुसन्धानप्रतिवेदनानि प्रतीक्षन्ते। एतानि प्रतिवेदनानि प्राप्ते सति शेषाः १६० बालकाः आगामिदिनद्वये वा रेलयानेन बिहारं प्रति प्रेषिताः भविष्यन्ति।

एते बालकाः बालकल्याणसमित्याः कटनी-जबलपुरजीआरपी (सरकारीरेलपुलिस) च पर्यवेक्षणेन प्रेषिताः भविष्यन्ति, ते च अररियानगरस्य बालकल्याणसमित्याः हस्ते समर्पिताः भविष्यन्ति। बालकल्याणसमित्या रेलमार्गाधिकारिभिः सह पत्राचारः कृतः यत एतदर्थं रेलयानानां व्यवस्थापनस्य अनुरोधः कृतः अस्ति।

जीआरपी द्वारा विमोचिताः सर्वे अष्टाः शिक्षकाः पटना-पुणे एक्स्प्रेस्-यानेन गच्छन्तीनां मुस्लिमबालानां 12 एप्रिल-मासस्य रात्रौ कटनी-जीआरपी-संस्थायाः अवरुद्धम् आसीत्। बालकानां वयः सप्तवर्षेभ्यः १५ वर्षेभ्यः यावत् आसीत्। अष्टौ सहचरशिक्षकाणां विरुद्धं मानवव्यापारस्य प्रकरणं पञ्जीकृतम् आसीत्। अष्टौ अपि व्यक्तिषु बहुवारं प्रश्नोत्तरं कृतम्। परन्तु ते बालकान् धार्मिकशिक्षां प्रदातुं महाराष्ट्र-कर्नाटक-देशयोः मदरसासु नेष्यन्ति इति ते निरन्तरं वदन्ति स्म।

## राज्यस्य गृहविभागाय सामान्य प्रशासनविभागाय च पत्रं लिखितवान्

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

एतत् प्रकरणं गम्भीरतापूर्वकं गृहीत्वा आयुक्तपुलिसः राज्यस्य गृहविभागाय सामान्यप्रशासनविभागाय च पत्रं लिखितवान्, यत्र आईएएस-अधिकारिणः विरुद्धं कार्यवाही आरभ्यतुं अनुमतिः याचिता अस्ति। नियमानुसारं वरिष्ठप्रशासनिकपदाधिकारिणः विरुद्धं आपराधिककार्यवाही आरभ्यतुं पूर्वं सर्वकारीयस्वीकृतिः अनिवार्यः अस्ति। अस्मिन् सन्दर्भे अधुना अस्य स्थापितायाः प्रोटोकॉलस्य अनुसारं अग्रे कार्यवाही भविष्यति । इदानीं आराधनादासः एतेषां आरोपानाम् अङ्गीकारं कृतवती अस्ति। सा अवदत् यत् तस्याः विरुद्धं आरोपाः निराधाराः सन्ति, प्रश्ने व्यवहारः तस्याः स्वर्गीयपतिना सह सम्बद्धः भवेत इति सूचितवती, यस्य उत्तरदायित्वं सा न दातुं शक्नोति परन्तु पुलिस-अनुसन्धानस्य।

## राशिफल

**मेष** : आज के दिन वित्तीय समृद्धि रहेगी। रिलेशनशिप में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं, जो अच्छे या बुरे हो सकते हैं।

**वृषभ** : टीम प्रोजेक्ट में अहंकार से संबंधित दिक्कतें हो सकती हैं। प्रेम से जुड़े मुद्दों को निपटाने की आवश्यकता हो सकती है।

**मिथुन** : रिश्ते में उतार-चढ़ाव से बचें। सुनिश्चित करें कि आप ऑफिस में भी अपना बेस्ट प्रोडक्टिव रिजल्ट देने की कोशिश करें।

**कर्क** : आज के दिन कोई बड़ा मौद्रिक मुद्दा आज आपको नुकसान नहीं पहुंचाएगा। अपने प्रेम जीवन में हर मुद्दे को सुलझाएं।

**सिंह** : आज के दिन आपको प्रेमी पर अपनी राय थोपने से बचना चाहिए। अपने प्रेम जीवन में खुश रहें।

**कन्या** : आज के दिन रिश्ते में हल्की-फुल्की समस्याओं के बावजूद पार्टनर आपकी मौजूदगी को पसंद करेगा।

**तुला** : आज के दिन रोमांटिक जीवन का भरपूर आनंद लें और पेशेवर सफलता के विभिन्न पहलुओं को जानें।

**वृश्चिक** : आज के दिन अपने रिश्ते को बेहतर बनाने के लिए अपने प्रेमी की अपेक्षाओं को पूरा करें।

**धनु** : आज के दिन सुरक्षित निवेश फैसले लेना जारी रखें। कुछ लोगों को स्वास्थ्य संबंधी छोटी-मोटी समस्याएं हो सकती हैं।

**मकर** : आज के दिन अपने रोमांटिक रिश्ते में समस्याओं को सॉल्व करें। ऑफिस में, दृष्टिकोण में ईमानदारी बरतें।

**कुंभ** : सुरक्षित कल के लिए सबसे अच्छे मौद्रिक निवेश विकल्पों पर विचार करें। क्लाइंट्स से भी तारीफ की उम्मीद कर सकते हैं।

**मीन** : आज के दिन आज अपने पार्टनर के साथ टाइम स्पेंड करें। आपको अपनी प्रोफेशनल क्षमता साबित करने के मौके मिलेंगे।

### ज्योतिष/वास्तु

## केतु नक्षत्र परिवर्तन से किन राशि वालों की चमकेगी किस्मत और किसे मिलेगी टेंशन

केतु नक्षत्र परिवर्तन से कुछ राशियों को लाभ और प्रगति के संकेत मिलेंगे, वहीं कुछ को सतर्क रहने की आवश्यकता होगी। आइए सभी राशियों पर इसका प्रभाव जानते हैं।

ज्योतिषियों के अनुसार, 20 अप्रैल 2026 को केतु मघा नक्षत्र में प्रवेश कर लिया हैं। यह एक महत्वपूर्ण ज्योतिषीय घटना मानी जा रही है, क्योंकि इस नक्षत्र के स्वामी स्वयं छाया ग्रह केतु हैं। माना जा रहा है कि, केतु इस नक्षत्र में दिसंबर 2026 तक विराजमान होंगे और यहां रहते हुए वह सभी राशियों पर शुभ-अशुभ प्रभाव डालेंगे। इस दौरान कुछ राशि वालों को अत्यधिक लाभ, व्यापार विस्तार, करियर सफलता से लेकर नौकरी-निवेश में अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे। लेकिन कुछ जातकों को कई तरह की समस्याएं झेलनी पड़ सकती हैं। ऐसे में आइए केतु नक्षत्र परिवर्तन का मेष से मीन तक का राशिफल जानते हैं।



**मेष राशि-** मेष राशि वालों को विशेष लाभ की प्राप्ति होगी। माना जा रहा है कि, इस समय आपको करियर और आर्थिक मामलों में लाभ मिलने के योग हैं। मेहनत का अच्छा परिणाम मिलेगा। व्यापार में रुके हुए कार्य पूरे हो सकते हैं। निवेश करेंगे।

**वृषभ राशि-** वृषभ राशि वालों के लिए समय नए नौकरी-व्यापार में अवसर लेकर आ रहा है। यह गोचर आपकी परीक्षा-परिणाम को लेकर सकारात्मक संकेत दे रहा है। धन लाभ के अवसर बनेंगे और परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

**मिथुन राशि-** मिथुन राशि के जातकों के लिए समय सामान्य रहने वाला है। कोई नया काम अनुभवी लोगों की सहायता से करना लाभकारी रहेगा। आपको अपने कार्यों में संतुलन बनाकर चलना होगा और अनावश्यक तनाव से बचना होगा। सेहत परेशान कर सकती हैं।

**कर्क राशि-** कर्क राशि वालों को इस दौरान सावधानी बरतने की जरूरत है। भूलकर भी धन का लेन देन न करें अन्यथा परेशानियां हो सकती हैं। सेहत और आर्थिक मामलों में सतर्क रहें और किसी भी बड़े निर्णय को सोच-समझकर लें। नौकरी को लेकर कई परिवर्तन संभव हैं।

**सिंह राशि-** सिंह राशि के लिए यह समय मिला-जुला परिणाम देने वाला रहेगा। माना जा रहा है कि, आपके कुछ पुराने काम परेशानियां पैदा कर सकते हैं। कार्यों में सामान्य गति बनी रहेगी, लेकिन धैर्य बनाए रखना जरूरी होगा। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या राशि-** कन्या राशि वालों के लिए यह गोचर लाभकारी साबित हो सकता है। यह समय आर्थिक मजबूती की ओर बढ़ने का संकेत दे रहा है। कला के क्षेत्र में नई पहचान मिलेगी। करियर में उन्नति और आर्थिक स्थिति में सुधार के संकेत हैं। निवेश से लाभ मिलने के योग है।

**तुला राशि-** तुला राशि के जातकों को इस दौरान लाभ मिलने के योग हैं। परिवार वालों के साथ अधिक समय बिताने का मौका मिलेगा। रिश्तों में सुधार होगा और नए अवसर आपके सामने आ सकते हैं।

**वृश्चिक राशि-** वृश्चिक राशि वालों के लिए यह समय सफलता और प्रगति लेकर आ सकता है। उतार-चढ़ाव अब समाप्त होते हुए नजर आएंगे। इस दौरान निवेश से अच्छा रिटर्न मिलने से कोई नया वाहन खरीद सकते हैं। मेहनत का फल मिलेगा और आत्मविश्वास बढ़ेगा।

**धनु राशि-** धनु राशि के जातकों को भी इस दौरान लाभ मिलने के संकेत हैं। रुका हुआ धन वापस मिलने के योग बन रहे हैं। भाग्य का साथ मिलेगा और कार्यों में सफलता मिलेगी। पुराने सभी काम पूरे होते दिखेंगे।

**मकर राशि-** मकर राशि वालों के लिए यह समय थोड़ा संतुलित रहने वाला है। आप सेहत का ध्यान रखें। निवेश से पहले कोई योजना बनाना आपके लिए लाभकारी रहेगा। मेहनत के अनुसार परिणाम मिलेंगे, इसलिए धैर्य बनाए रखें।

**कुंभ राशि-** कुंभ राशि के जातकों को सावधान रहने की जरूरत है। नौकरी का अवसर मिलेगा। छात्रों के लिए समय शुभ रहने वाला है। किसी भी निर्णय में जल्दबाजी से बचें और स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लव लाइफ में भी सुधार देखने को मिलेगा।

**मीन राशि-** मीन राशि वालों के लिए भी सतर्क रहने का समय है। कोर्ट के मामलों से राहत मिलेगी। विवाह मार्ग में बाधाएं आ सकती हैं। मानसिक तनाव से बचें और अपने कार्यों को योजना के साथ पूरा करें।

## खबर एक नजर...

### आलू-प्याज की बोरी में भरकर लाया था अवैध शराब

**उज्जैन।** चरक भवन के पास अंडे का ठेला लगाने वाला दिव्यांग रविवार-सोमवार रात आलू प्याज की बोरी में अवैध देशी शराब भरकर ला रहा था। कोतवाली थाना पुलिस ने भ्रमण के दौरान उसे कोयला फाटक मार्ग कामनेश्वर मंदिर के पास से पकड़ा। उसके पास से बोरी में भरे देशी शराब के 295 क्वार्टर बरामद हो गये। जिसकी कीमत 26 हजार से अधिक सामने आई है। एसआई गोपाल राठौर ने बताया कि अवैध शराब के साथ हिरासत में आये दिव्यांग का नाम उमेश पिता तोलाराम बाथरी 48 साल निवासी बम्मनवाड़ा है। जिसे सोमवार दोपहर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। आरोपित अंडे के ठेले की आड़ में शराब बेचने का काम कर रहा था।

### भोपाल-उज्जैन पैसेंजर ट्रेन से यात्री का बेग चोरी

**उज्जैन।** रायसेन का रहने वाला रविन्द्र पिता नारायण सराठे महाकाल दर्शन करने आया था। वापस लौटते समय भोपाल-उज्जैन पैसेंजर ट्रेन में सवार हुआ था। ट्रेन के मक्सी पहुंचने पर रविन्द्र को पता चला कि उसका बेग चोरी हो गया है। बेग में कपड़े और 5 हजार रुपए नगद रखे थे। ट्रेन के भोपाल पहुंचने पर रविन्द्र ने जीआरपी को शिकायत दर्ज कराई। जहां से मामला जांच के लिये उज्जैन जीआरपी को भेजा गया है। उज्जैन से जाने और आने वाली ट्रेनों में आये दिन यात्रियों का सामान चोरी होने के मामले सामने आ रहे है। चोरी में मोबाइल शामिल होने पर जीआरपी सायबर की मदद से बदमाशों का पता लगा रही है, लेकिन जिस चोरी में मोबाइल नहीं होता है उसका पता लगा पाना मुश्किल हो रहा है। ट्रेनों में चोरी करने वाले अधिकांश बदमाश अन्य राज्यों के सामने आ रहे है।

### बापूनगर गली नम्बर 3 में युवक पर चाकू से हमला

**उज्जैन।** चिमनगंज थाना क्षेत्र के बापूनगर गली नम्बर 3 में रविवार-सोमवार रात चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर के पास अभिषेक उर्फ हेमंत पिता रामबाबू परिहार 24 साल निवासी बापूनगर को सुजल पिता अशोक चौहान और उसके एक अन्य साथी ने चाकू से हमला कर घायल कर दिया। अभिषेक के घायल होने पर साथी अंकित तिवारी अस्पताल लेकर पहुंचा। मामले की जानकारी लगने पर चिमनगंज थाना पुलिस ने घायल के बयान दर्ज कर मामले में अंकित की शिकायत पर सुजल और उसके साथी पर चाकू मारने का प्रकरण दर्ज किया। घायल के अनुसार गली में शादी थी, इस दौरान निकलने पर सुजल को टल्ला लग गया था। इसी बात पर विवाद हुआ और उसने चाकू से हमला कर दिया। अभिषेक की हालत गंभीर होने पर परिजन उसे चरक अस्पताल से उपचार के लिये निजी अस्पताल लेकर गये है।

### बाइक के सामने आया स्ट्रीट डॉग, घायल हुआ घायल

**उज्जैन।** सड़कों पर दौड़ते स्ट्रीट डॉग दुर्घटना का कारण बनते जा रहे है। रविवार रात ग्राम उज्जैनिया का रहने वाला कुलदीप पिता गजराजसिंह देवास में आयोजित शादी समारोह से वापस अपने गांव लौट रहा था। आगररोड आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज के सामने अचानक दौड़ता हुआ स्ट्रीट डॉग बाइक के सामने आ गया और पहियों से टकरा गया। संतुलन बिगड़ने पर कुलदीप गिरकर गंभीर घायल हो गया। उसे लोगों की मदद से चरक अस्पताल पहुंचाया गया। सुप्रीम कोर्ट द्वारा सार्वजनिक स्थानों से स्ट्रीट डॉग को हटाने के निर्देश दिये है। बावजूद सार्वजनिक स्थानों पर स्ट्रीट डॉग की संख्या में कमी नहीं आई है। यह लोगों को अपना शिकार तो बना रहे है, वहीं अब दुर्घटना का कारण भी बनते जा रहे है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 348-5 | 148-3 |
| मेन बाजार | 114-6 | - |
| मिलन डे | 147-2 | 188-7 |
| मिलन नाइट | 457-6 | 258-5 |

2 3 8

**नहाने के दौरान खदान में डूबे थे, एसडीआरएफ ने शाम 5 बजे शुरू किया था रेस्क्यू**

# रात 3:30 बजे निकाला दूसरे नाबालिग का शव






**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

नागझिरी थाना क्षेत्र में सोमवार शाम हादसा हो गया था। 11 हम उम्र बच्चे पानी से भरी गिट्टी खदान में नहाने गये थे। इस दौरान 2 बच्चे खदान की 50 फीट गहराई में समा गये। दोनों को निकालने के लिए होमगार्ड की एसडीआरएफ टीम ने रेस्क्यू शुरू किया था रात 10:30 बजे एक बच्चे का शव निकाल लिया गया था। दूसरे का शव रात 3:30 बजे निकल गया है।

मक्सीरोड के रहने वाले हम उम्र 11 बच्चे सोमवार दोपहर एक साथ ई-रिक्शा में सवार होकर नागझिरी थाना क्षेत्र के ग्राम करोंदिया में गिट्टी खदान पर पहुंचे थे। शाम 4 बजे के लगभग खबर सामने आई कि खदान के पानी में नहाते समय 2 बच्चे गहराई में चले गये है। 7 को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है, जो किनारे पर तैर रहे थे। बच्चों के डूबने की खबर मिलते ही नागझिरी थाना सीएसपी श्वेता गुप्ता, प्रभारी कमल निगवाल टीम के साथ मौके पर पहुंच गये। ग्रामीणों की भीड़ जमा हो चुकी थी। गहराई में समाएं बच्चों को बाहर निकालने के लिये होमगार्ड की एसडीआरएफ टीम को बुलाया गया। रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। होमगार्ड/एसडीआरएफ डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट संतोष कुमार जाट ने बताया कि 12 सदस्यों की 2 टीम रेस्क्यू में लगी हुई है। खदान की गहराई करीब 50 फीट के लगभग है। डूबे बच्चों का पता लगाने के लिये अंडर वॉटर कैमरों का उपयोग किया गया। दोनों बच्चे गहराई में दिखाई दिये। लेकिन रेस्क्यू टीम 35 फीट गहराई तक पहुंच पा रही थी। बच्चों को बहार निकालने के लिये डीप डायवर्स को उतारा गया। रात 10.30 बजे के लगभग एसडीआरएफ जवान संतोष सोंलकी ने एक बच्चे को बाहर निकाला गया था। जिसका नाम शुभम पिता किरण जाटवा 16 साल निवासी किशनपुरा मक्सीरोड सामने आया है। दूसरा बच्चा अनस पिता हमीद खां 16 साल निवासी अशोकनगर मक्सीरोड था।जिसको निकालने के प्रयास जारी थे। रेस्क्यू आपरेशन प्लाटून कमांडर पुष्पेन्द्र त्यागी के नेतृत्व में चलाया जा रहा है। खदान के आसपास अंधेरा होने पर लाइट की व्यवस्था की गई थी। लगातार जारी रेस्क्यू के चलते दूसरे बच्चे का व रात 3:30 बजे खदान की गहराई से निकाल लिया गया। डूबे बच्चों को निकालने के लिये शुरू किये रेस्क्यू के दौरान होमगार्ड एसडीआरएफ टीम के साथ सीएसपी श्वेता गुप्ता और थाना प्रभारी कमल निगवाल भी देर रात तक खदान के आसपास मौजूद थे।

### पैदल खदान तक पहुंची सीएसपी गुप्ता

करोंदिया खदान में बच्चों के डूबने की खबर मिलने पर सीएसपी श्वेता गुप्ता अपने वाहन से घटनास्थल के लिये निकली थी, तभी रास्ते में सड़क दुर्घटना में एक महिला गंभीर घायल दिखाई दी। उन्होंने अपना वाहन रोका और मानवता का परिचय देते हुए घायल महिला को उपचार के लिये अपने वाहन से अस्पताल रवाना किया। वह खुद पैदल करोंदिया स्थित खदान तक पहुंची। घायल महिला तिरुपति विस्टा ग्रीन कालोनी की रहने वाली श्यामबाई पति कन्हैयालाल 55 साल होना सामने आई है। नागझिरी पुलिस घायल महिला के बयान दर्ज कर दुर्घटना को अंजाम देने वाले वाहन का पता लगाने का प्रयास कर रही थी।

### घर से बिना बताये निकले थे सभी

बताया जा रहा है कि अधिकांश बच्चे घर से बिना बताये निकले थे, कुछ ने कोचिंग जाने की बात कहीं थी। लेकिन सभी एक साथ ग्राम करोंदिया पहुंच गये। सुरक्षित बाहर निकाले गये बच्चों में आकाश मरमट पांड्याखेड़ी, उज्जवल सोलंकी गणेशपुरा मक्सीरोड़, वरूण रायकवार पांड्याखेड़ी, आलेख चौहान पांड्याखेड़ी, पूरब साहू पंवासा, आयुष गोमे कंचनपुरा और विनय सेंगर निवासी कंचनपुरा है। 2 साथियों के डूबने पर सभी दहशत में थे और कुछ स्पष्ट नहीं बता पा रहे थे। घटना की जानकारी लगने पर सभी के परिजन करोंदिया पहुंच गये थे। वहीं देर रात तक डूबे दोनों बच्चों के परिजन उनके बाहर निकलने का इंतजार कर रहे थे।

## न्यूनतम तापमान 24 डिग्री पहुंचा दिन में आई 2.1 डिग्री की गिरावट

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

मौसम में आये बदलाव से रविवार देर शाम कई क्षेत्रों में तेज बूंदाबांदी हुई थी। जिसके बाद रात का तापमान 3.2 डिग्री बढ़ गया था। सोमवार को अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

अप्रैल माह की भीषण गर्मी में मौसम का दोहरा रूप दिखाई दे रहा है। रविवार को तापमान 41.4 डिग्री पहुंच गया था और गर्मी से लोग परेशान दिखाई दे रहे थे, लेकिन शाम ढलने के बाद अचानक आसमान में बादलों की आवाजाही शुरू हो गई और तेज हवा के साथ मौसम पूरी तरह से बदल गया। कुछ देर के लिये तेज बूंदाबांदी हुई और गर्मी से राहत महसूस हुई, लेकिन कुछ देर बाद ही



उसम बढ़ गई। इस बीच रात का तापमान 24 डिग्री पहुंच गया। जो शनिवार-रविवार रात 20.8 डिग्री था। सोमवार को अधिकतम तापमान में गिरावट आई और शासकीय जीवाजीराव वेधशाला पर 39.5 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग की माने तो नमी और गर्म हवा की वजह से मौसम में दोहरा रूप दिखाई दे रहा है। वैसे आगामी दिनों में तापमान ओर बढ़ेगा, इस बीच प्रदेश के कुछ हिस्सों में बारिश भी हो सकती है।

## ड्रग्स के साथ हिरासत में आये कुख्यात गैंग के 3 बदमाश

### रिमांड पर पूछताछ जारी, 53 ग्राम के साथ कार जप्त

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

दो कुख्यात गैंग में शामिल 3 बदमाशों को चिमनगंज और नीलगंगा थाना पुलिस ने मादक पदार्थ ड्रग्स के साथ हिरासत में लिया है। तीनों के पास से 53 ग्राम ड्रग्स के साथ एक आई-20 कार जप्त की गई है। तीनों को 2 दिनों की रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है।

चिमनगंज थाना पुलिस को रविवार-सोमवार रात खबर मिली थी कि उंडासा मार्ग गरोठ पुलिया के नीचे कार से आये एक व्यक्ति के पास मादक पदार्थ है। वह किसी को देने के लिये खड़ा है। थाना प्रभारी विवेक कनोडिया ने एसआई राजाराम चौहान, आरक्षक संदीप चौधरी और रवि पटेल के साथ गरोठ पुलिया के नीचे घेराबंदी की और संदेह के आधार पर एक व्यक्ति को हिरासत में लिया। पूछताछ करने पर उसका नाम धर्मेन्द्र उर्फ धम्मू पिता श्यामसिंह बुंदेला 51 साल निवासी जनता कालोनी आगररोड सामने आया। धर्मेन्द्र बुंदेला गैंग का सक्रिय सदस्य होकर बदमाश जीतू बुंदेला का भाई था। पुलिस टीम ने उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 28 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हो गई। पुलिस टीम ने मौके से उसकी आई-20 कार क्रमांक एमपी 13 सीसी 3125 जप्त की। एसआई राजाराम चौहान ने बताया कि मामले में एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज कर आरोपित को न्यायालय में पेश कर 2 दिनों की पुलिस रिमांड पर लिया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में ड्रग्स काला बुंदेला से लाना कबूल किया है, जो वर्तमान में इंदौर के देवास नाका क्षेत्र में निवासरत है। काला बुंदेला की तलाश में एक टीम देवासनाका रवाना की गई है।

**गुर्जर भाईयों के पास मिली 25 ग्राम ड्रग्स-** मादक पदार्थ के मामले में नीलगंगा थाना पुलिस ने वाकणकर ब्रिज के पास पार्किंग से रात में नमन उर्फ नवीन पिता हरनामसिंह गुर्जर ओर उसके भाई चंद्रशेखर गुर्जर निवासी विश्वबैंक कालोनी चिमनगंज को हिरासत में लिया है। उनके पास से 25 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की गई। थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि सूचना मिलने पर पार्किंग के पास दबिश दी गई तो दोनों ने भागने का प्रयास किया था। लेकिन एसआई भूपेन्द्र चौहान, आरक्षक पुष्पराजसिंह, अंकित, प्रशांत ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। दोनों से 2 दिनों की रिमांड पर पूछताछ कर पता लगाया जा रहा है कि मादक पदार्थ कहां से लेकर आये थे।

**अनमोल की फरारी में महिला मित्र ने किया था सहयोग**

# साथियों के साथ भेजा जेल, अब अनमोल की तलाश

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

हीरामिल की चाल में 14 अप्रैल को रंजीश के चलते युवक को गोली मारने वाले बदमाशों में शामिल अनमोल गुर्जर को फरार कराने में महिला मित्र ने सहयोग किया था। पुलिस ने उसे हिरासत में लेने के बाद सहयोगी रहे 5 अन्य युवकों को भी गिरफ्तार कर लिया था। सभी को सोमवार दोपहर कोर्ट में पेश कर केन्द्रीय भैरवगढ़ जेल भेजा गया है।

देवासगेट थाना प्रभारी अनिला पाराशर ने बताया कि गोली लगने पर विष्णुपुरा का रहने वाला लव निर्मल घायल हुआ था। मामले में बयान दर्ज कर प्रकरण दर्ज किया था, गोली चलाने में मुख्य आरोपी जय उर्फ बच्चा चौहान



होना सामने आया था। जिसे चंद घंटों में गिरफ्तार कर देशी कट्टा बरामद किया था। उसे रिमांड पर पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया था। गोली चलाने में उसके साथ अनमोल गुर्जर और एक अन्य शामिल होना सामने आया है। जिनकी तलाश के लिये एसपी प्रदीप शर्मा के निर्देश पर विशेष टीम बनाई गई थी। अनमोल कुख्यात गुर्जर गैंग का सदस्य है, उसकी और अन्य साथी की गिरफ्तारी के प्रयास में विकास पिता रमेशचंद्र सिरोलिया को गिरफ्तार किया गया। जिसे रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई तो सामने आया कि अनमोल को फरार करने में उसकी महिला मित्र शीतल उर्फ शीटू पिता दिलीप त्रेणावत निवासी संजयनगर की भूमिका थी। गोली चलाने के बाद अनमोल ने सबसे पहले शीतल से संपर्क किया था। उसने नवनीत नायक जयसिंहपुरा, यशवंत कौशल राधा परिसर, जतिन सूर्यवंशी महाकाल मार्ग, प्रीतम ठाकुर ढांचा भवन की मदद से अनमोल का शहर से फरार कराया। अनमोल को फरार करने वाले सभी आरोपियों को पुलिस की विशेष टीम ने गिरफ्तार कर उनके पास से एक बाइक और सुजुकी एक्सेस बरामद की गई। लेकिन सभी से पूछताछ में अनमोल का सुराग नहीं मिल पाया। आरोपियों को कहना था कि अनमोल मोबाइल का उपयोग नहीं कर रहा है, उन्होंने उसे अलग-अलग स्थानों पर छोड़ा था, उसके बाद जानकारी नहीं है। थाना प्रभारी पाराशर के अनुसार सभी आरोपियों के खिलाफ अनमोल को फरार कराने में सहयोग करने वाले को धारा 249 में गिरफ्तार कर सोमवार दोपहर न्यायालय में पेश किया। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com